


प्रधानमंत्री मोदी का विजन
एक भारत - श्रेष्ठ भारत
एक देश - एक विधान

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-15, अंक-04 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 03 से 09 मई 2024 | पृष्ठ-8+4 मूल्य ₹ 3.00


## लोकसभा चुनाव 2024 : मतदान 07 मई



## पीएम नरेन्द्र मोदी के विजन का कमाल दुनिया भी मान रही

2014 में जब नरेन्द्र दामोदर भाई मोदी देश का पहली बार नेतृत्व संभाला और वे प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्य प्रारंभ किया, तब भारत विश्व की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल था, लेकिन उनके विजन से आज भारत विश्व की सबसे बड़ी 5वीं अर्थ व्यवस्था के रूप में उभरा है। 18वीं लोकसभा के लिए छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण का चुनाव 07 मई 2024 को होने जा रहा है। 07 मई को कोरबा लोकसभा क्षेत्र का भी चुनाव होगा और इसमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रखर वक्ता सुश्री डॉ. सरोज पाण्डेय भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। सुश्री सरोज पाण्डेय लगातार पूरे लोकसभा क्षेत्र जिसमें 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, में लगातार दौरा कर लोगों से समर्थन और आशीर्वाद मांग रही हैं। यह पहली बार देखा जा रहा है कि भाजपा प्रत्यशी सुश्री सरोज पाण्डेय जिस भी गांव में जा रही हैं वहां के लोग भारी संख्या में बाहर निकलकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर रहे हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान वर्तमान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का क्षेत्र से गायब रहना इसकी बड़ी वजह है कि गांव वाले तो इनका नामकरण लापता सांसद के रूप में कर चुके हैं। मतदाओं का मोह इस बार कांग्रेस एवं कांग्रेस प्रत्याशी से पूरी तरह भंग हो चुका है। सोशल मीडिया के इस युग में लोग इतने जागरूक हैं कि उन्हें अब यह भी पता है कि देश के 100 अत्यंत पिछड़े लोकसभा क्षेत्र में कोरबा लोकसभा का नाम भी शामिल हैं। लगातार महंत परिवार का इस सीट पर काबिज रहना एवं क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाह बने रहना लोगों के सुख-दुख में भी शामिल न होना एवं इसकी बड़ी वजह है। ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क के दौरान सरोज पाण्डेय प्रधानमंत्री मोदी का विजन बता रही हैं। उनका कहना है कि यह चुनाव विकसित भारत, सशक्त भारत, सक्षम भारत, समर्थ भारत के लिए है और मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। सुश्री सरोज पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि हर भारतवासी को पक्का मकान मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 03 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास की घोषणा की है। गरीब कल्याण योजना के तहत अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली पहुंचाना मोदी का लक्ष्य है। यह चुनाव देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने के लिए है। आज देश को सक्षम और समर्थ नेतृत्व मिला है, जिसे पूरा विश्व मानने लगा है। अब हमारे दुश्मन भारत की ओर टेढ़ी नजर डालने से पहले 10 बार सोचने लगे हैं। सक्षम नेतृत्व और कड़े फैसले के कारण आज भारत में एक देश - एक विधान आ पाया, यह मोदी की करिश्माई नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है। आज जम्मू कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35ए खत्म होने के बाद जम्मू कश्मीर में खुशहाली की बयार छा रही है। युवा वर्ग मुख्य धारा से जुड़ने लगे हैं और आतंक खत्म हो रहा है। यह मोदी का ही विजन है कि आज युवा मोदी को प्रेरणा मानकर रोजगार और स्वरोजगार से जुड़कर जम्मू कश्मीर को आगे बढ़ाने में लग रहे हैं और गुमराह नहीं हो रहे हैं। आज जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत मजबूत बन रहा है। चारों तरफ नेशनल हाईवे के माध्यम से परिवहन और आवागमन सरल और सुगम बन रहा है, जिसके कारण व्यापार और उद्योग में वृद्धि हो रही है। गरीब कल्याण योजना के तहत आगामी 5 साल तक गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना से भारत में अब भूखमरी पलायन कर गई है और सभी सुपोषित होकर भारत को स्वस्थ भारत बना रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी अनुमान लगाया है कि 2027 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थ व्यवस्था बन जाएगा और भारत का विश्व में दबदबा बढ़ेगा। यह मोदी का ही विजन है कि भारत में अब पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और जम्मू कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या 100 गुना बढ़ी है। अधोसंरचना विकास के साथ-साथ समृद्ध भारत, हरित भारत, श्वेत भारत की परिकल्पना मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। आत्म निर्भर भारत मोदी का विजन है...।

## सरोज पाण्डेय ने कहा

# नजर मोदी पर वोट कमल पर




**कोरबा (दिव्य आाकश)।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र क्र.-04 में भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्यशी के रूप में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रखर वक्ता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व महापौर एवं निवर्तमान राज्य सभा सांसद सुश्री डॉ. सरोज पाण्डेय को चुनाव में उतारा है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें से बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा को 6 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली थी। विधानसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए काफी उत्साहित है और दमदार प्रत्याशी मिलने के कारण इस बार भाजपा को बड़ी लीड के साथ जीत का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सुश्री सरोज पाण्डेय लगातार सभी सीटों पर अधिक से अधिक दौरा कर रही हैं और उनके साथ सभी विधानसभा सीटों के पदाधिकारी, विधायक, कार्यकर्ता उनके साथ कदम से कदम मिला रहे हैं। सरोज पाण्डेय आम जनता से बेटी बनकर आशीर्वाद मांग रही हैं और उनका कहना है कि केन्द्र में मोदी की फिर से सरकार बन रही है, छत्तीसगढ़ में विष्णु का सुशासन काम कर रहा है और यदि मुझे कोरबा लोकसभा क्षेत्र से आशीर्वाद मिलता है तो जनता का चार गुना काम बढ़ेगा और ट्रिपल इंजन से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। यह लोकसभा क्षेत्र आकांक्षी लोकसभा क्षेत्र में आने के कारण यहां विकास की संभावनाएं प्रबल है, क्योंकि बीते 5 साल में क्षेत्र को निष्क्रिय सांसद मिली थी, जिसके कारण क्षेत्र का विकास पिछड़ गया। अब मोदी की गारंटी है कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं-पानी, बिजली, सड़क के अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से आह्वान किया-नजर मोदी पर रखें और वोट कमल पर डालें। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता का उत्साह देखते ही बन रहा है कि इस बार कमल को खिलाना है, क्योंकि महंत परिवार के परिवारवाद और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के साथ क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर निष्क्रियता से जनता त्रस्त हो गई है। इस बार केन्द्र में मोदी और कोरबा में सरोज के पक्ष में जबरदस्त माहौल है।

## कोरबा का सौभाग्य है कि सरोज जैसी योग्य प्रत्याशी मिली - मुख्यमंत्री साय



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोरबा पहुंचे और समाज के प्रमुखों के साथ आत्मीय संवाद किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र का सौभाग्य है कि क्षेत्र को सरोज पांडेय जैसी योग्य प्रत्याशी मिली। सुश्री सरोज पांडेय प्रखरवक्ता के साथ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं और कोरबा लोकसभा क्षेत्र में उनके नेतृत्व में विकास चार गुना होगा। उपेक्षित क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ेगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। होटल जश्न रिसॉर्ट में सीएम श्री ने 50 से ज्यादा समाज के प्रमुखों और विभिन्न संगठनों के साथ आत्मिय संवाद किया।

मंच पर सीएम विष्णुदेव साय, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का सभी समाज के प्रमुख जनों ने स्वागत किया। सीएम श्री साय ने सभी का अभिवादन सहर्ष स्वीकार किया। अपने सरल सहज उद्बोधन में सीएम श्री साय ने कहा की बहुत दिन से इच्छा थी, लेकिन आज कोरबा के समाज प्रमुखों से संवाद करने का अवसर मिला। जब प्रदेश अध्यक्ष था तब से मुझे इस पल का इंतजार था। आज आप सभी समाज प्रमुखों के बीच सवांद करने में खुशी हो रही है। सीएम ने कहा की 4 सीटों पर मतदान हो चुकी है, शेष सीटों पर 7 को मतदान होगा। सभी 11 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं। श्री साय लोगों से संवाद करने के बाद सभी के बीच भोजन किया और कहा यह चुनाव सशक्त राष्ट्र के लिए हो रहा है।



## विधायक भैयालाल ने कहा 50 हजार से जीतेंगे कोरिया

**कोरिया ।** सरोज पाण्डेय को जीताने सभी 8 विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक एक जुट होकर कार्य कर रहे हैं। ऐसी सक्रियता कि स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे भी सरोज पाण्डेय ने कहा है कि कमल ही प्रत्यशी है और हमें एकता के साथ कमल को खिलाना है। बैकुंठपुर में विशाल रोड शो निकाला गया जिसमें सरोज पण्डेय के साथ कोरिया विधायक भैयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल सहित कई दिग्गज शामिल हुए। श्री राजवाड़े ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है और हम 50 हजार मतो से कोरिया जीतेंगे।

## मंत्री लखन ने कहा सरोज दीदी को जीताएं विकास चार गुना होगा



**कोरबा।** कोरबा के प्रथम भाजपा विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री का सहज, सरल व्यक्तित्व से जनता आल्हादित है। पिछले विधानसभा चुनाव में लखन ने कांग्रेस के कद्दावर मंत्री जयसिंह को 27 हजार मतों से हराया था। जनसंपर्क के दौरान सरोज पाण्डेय के साथ लखन लाल देवांगन भी मुस्तैदी के साथ चुनावी मैदान में खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मोदी की गारंटी है और हम कोरबा विधानसभा क्षेत्र सहित जिले की सभी चारों सीट से 60 हजार से अधिक मतों से जीतेंगे।







# सरोज पांडेय शेरनी है, विरोधी अपने आप हो जाते हैं दूर - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री ने सरोज के लिए मांगा समाज प्रमुखों से समर्थन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

सरोज पांडेय एक शेरनी है। जैसे शेर गांव में आता है तो जानवर से लेकर दीमक भी पेड़ से झड़ जाते हैं। कोरबा लोकसभा सीट पर भाजपा की इस शेरनी के उतरने से विरोधी अपने आप दूर हो गए हैं।

उक्त बातें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा लोकसभा सीट प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में समाज प्रमुखों से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कही। उन्होंने सरोज पांडेय के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों के साथ रात्रि भोज भी किया। उन्होंने सादगीपूर्ण ढंग से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में समर्थन मांगा। श्री साय ने सभी समाज के प्रमुखजनों से कहा कि कोरबा की जनता बहुत सौभाग्यशाली है। जो सुश्री सरोज पांडेय जैसा योग्य प्रत्याशी मिला है। श्री साय गुरुवार को कोरबा के समाज के प्रमुखों के साथ संवाद करने कोरबा पहुंचे। होटल जश्न रिसॉर्ट में सीएम श्री ने 50 से ज्यादा समाज के प्रमुखों और विभिन्न संगठनों के साथ आत्मीय संवाद किया। मंच पर सीएम विष्णुदेव साय, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का सभी समाज के प्रमुख जनों ने स्वागत किया। सीएम श्री साय ने सभी का अभिवादन सहर्ष स्वीकार किया। सीएम ने कहा कि 4 सीटों पर मतदान हो चुका है, शेष सीटों पर 7 को मतदान होगा। सभी 11 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं। सीएम श्री साय ने कहा ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी देश के गरीबों की चिंता दिन रात करते हैं। श्री साय ने कहा की पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में मुझे भी काम करने का अवसर मिला था। श्री मोदी हर वर्ग की चिंता करते हैं। उनके काम करने की ललक को मैंने नजदीक से देखा है। इस अवसर पर मंच पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष योगेश जैन, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, वैभव शर्मा, विशाल सचदेव समेत अन्य अधिक संख्या में उपस्थित रहे।





### इन समाज, संघ और संगठन के प्रमुख हुए संवाद में शामिल

सीएम श्री साय के साथ संवाद में कायस्थ समाज, अग्रवाल सभा, राठौर समाज, सतनामी समाज, देवांगन समाज, चंद्रा समाज, कुर्मी समाज, जैन मिलन समिति, पटेल सभा, राठिया समाज, साहू समाज, गुजराती समाज, सिख समाज, ईसाई समाज, मेमन जमात, कायस्थ समाज, अधिवक्ता संघ, श्रीवास (नाई), पटेल समाज, राठिया समाज, पूर्वांचल विकास समिति, महेश्वरी समाज, मानिकपुरी समाज, जैन समाज, देवांगन समाज, साहू समाज, यादव समाज, पूज्य सिंधी समाज, राजपूत क्षत्रीय समाज, राठौर समाज, गुजराती समाज, कच्छ पाटीदार समाज, विश्वकर्मा समाज, सुदर्शन समाज, चौपाटी निहारिका, मारवाड़ी ब्राम्हण विकास समिति, जेसीआई कोरबा सेंट्रल, रोटरी क्लब, केशरवानी समाज, मेडिकल एसोसिएशन, परशुराम ब्राम्हण समाज, सर्ववादी जायसवाल, छग कलार महासभा, जनजाति गौरव समाज, नेपाली समाज, पंजाबी बिरादरी, सिक्ख समाज, मुस्लिम समाज, उद्योग समाज, भूमिहार ब्राम्हण समाज, स्वर्णकार समाज, वैश्य समाज, बरेठ समाज, बंगाली समाज, सर्वब्राम्हण समाज, राईस मिल एसोसिएशन, ट्रक ऑनर एसोसिएशन, दर्री रोड व्यापारी संघ, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, छग कलार महासभा, बिंझवार समाज, आदिवासी शक्तिपीठ, आईएमए, मारवाड़ी युवा मंच, श्याम मित्रमंडल, वस्त्रकार समाज, कसौधन वैश्य समाज, केंवट समाज, कुर्मी कल्याण समिति, मैथिली समाज, सहित अन्य समाज संगठन, संघ के पदाधिकारी व समेत सभी अन्य समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने दी डीएमएफ भ्रष्टाचार की कालिख

उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मोदी की गारंटी और सीएम श्री साय जी के सुशासन पर प्रदेश की जनता को पूरा भरोसा है। सीएम श्री साय ने मोदी जी की गारंटी को सिर्फ तीन महीने में ही पूरा कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। सीएम श्री साय ने सभी 11 सीटों को जीतने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने कोरबा के विकास के लिए डीएमएफ दिया और कांग्रेस ने कोरबा को कोयले के कमीशन की कालिख दी। कोरबा की जनता को इस बार प्रखर और राष्ट्रीय नेतृत्व के रूप में सुश्री सरोज पांडेय जैसा प्रत्याशी मिला है जो की गौरव की बात है।

---

सरगुजा में गरजे पीएम नरेंद्र मोदी, कहा -

## जनता का भरोसा खो चुकी कांग्रेस के कारण भारत में फैला आतंकवाद

**पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस विरासत टैक्स लाने की तैयारी में हैं। यानी सरकार में आते ही ये लोग ऐसा करके आपकी संपत्ति को दूसरों में बांट देंगे**



**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया है। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का भरोसा खो चुकी है, और यही वो पार्टी है जिसके कारण देश में आतंकवाद फैला है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी सत्ता में नहीं रहेगी तो कांग्रेस आते ही आपके ऊपर विरासत टैक्स लगा देगी। कांग्रेस नहीं चाहती कि एक सामान्य भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को देकर इस दुनिया से जाएं, लेकिन कांग्रेस के इरादे तो कुछ और ही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां चीजों को संभालकर रखने की संस्कृति है। ये मेरे देश का स्वभाव है, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि वो आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति को बांट देगी। कांग्रेस ने भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। कांग्रेस की ये सोच बहुत पुरानी है। कांग्रेस की हर सोच में आपको ये दिखेगा। अरबन नक्सल ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है तो उन्होंने अमेरिका को खुश करने के लिए विरासत टैक्स की बात की। वो आपकी संपत्ति लूटना चाहते हैं, वो आपके संतानों का हक लूटना चाहते हैं, ये गलत है। बीजेपी ये ना सोचती है ना ऐसा होना देगी। कांग्रेस जब सत्ता में रही तब आपके हक का पैसा लूटा जाता रहा। बीजेपी की सरकार आने के बाद आपके हक का पैसा आपके लिए ही खर्चा हो रहा है।

**उज्ज्वल भविष्य के लिए बीजेपी को वोट दें-** पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 5 साल में बहुत कुछ करना है। सरगुजा तो स्वर्ग की बेटी है। हम इस क्षेत्र को बहुत आगे लेकर जाना है, इसलिए आपको हर बूथ पर कमल खिलाना है। 2024 के इस चुनाव में आपके इस सेवक नरेंद्र मोदी को आपका आशीर्वाद चाहिए। आपको केवल एक सांसद ही नहीं चुनना है बल्कि देश का उज्ज्वल भविष्य चुनना है। आने वाली पीढ़ी का भविष्य चुनना। इसलिए राष्ट्र निर्माण का यह मौका बिल्कुल ना गंवाएं। चाहे शादी ब्याह हो या फिर गर्मी हो आप मतदान जरूर करें। ये आपका अधिकार है। आपको भारत के लोकतंत्र के लिए ये समय निकालना होगा।

मैं वादा करता हूं कि मेरे लिए आपका एक एक वोट सिर्फ एक वोट नहीं है बल्कि ये मेरे लिए भगवान का आशीर्वाद है, इसलिए बीजेपी को दिया आपका एक-एक वोट विकसित भारत बनाएगा। ये मेरी यानी मोदी की गारंटी है।

---

## आदिवासी कोरवाओं ने कहा- भाजपा सरकार ने हमें छत दी, महिलाओं को एक हजार महीना, हम भाजपा के साथ



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सुश्री डॉ. सरोज पांडेय के पक्ष में आमकार्यकर्ता से लेकर बड़े-बड़े पदाधिकारी, प्रदेश के मंत्री, केन्द्र के मंत्री प्रचार करने कोरबा पहुंचे। आम कार्यकर्ता भी बड़ी मुस्तैदी से लगे हुए हैं।

इसी कड़ी में भाजपा नेता भुवनेश्वर तिवारी, मोहन सिंह, गजेन्द्र मानसर, हरिशंकर यादव सहित अन्य युवा टीम दूरस्थ वनांचल क्षेत्र रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विमलता, नकिया, श्यांग के पहाड़ी क्षेत्रों में पहुंचे, जहां अधिकांश पहाड़ी कोरवा निवास करते हैं। ये युवा टीम सरोज पांडेय को जीताने के लिए वोट की अपील कर रहे थे, तब आदिवासी कोरवाओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा सरकार ने हमें पक्का मकान दिया और सब्जी-तेल के लिए हर महीना एक हजार महतारी वंदन योजना से दे रही है, जिससे हमें आर्थिक सम्बल मिल रहा है। हम भाजपा को ही वोट करेंगे।

## दीपक सोनकर के नेतृत्व में दर्जनों सरपंच, पंच सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल

**कोरबा/ पाली ( दिव्य आकाश )।**

कुछ दिन पूर्व पाली क्षेत्र के 1200 से अधिक कांग्रेस दिग्गजों के साथ जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस की कमर ही तोड़ दी। यह सिलसिला अब तक जारी है। जिला कांग्रेस महामंत्री ने कुछ दिन पूर्व ही भाजपा प्रवेश कर सबको चौका दिया। तीन दिन पूर्व उनके नेतृत्व में पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों सरपंच, पंच एवं सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने सबका भाजपा में स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा भी साथ थे।



---

## राम के ननिहाल आकर खुश हुए योगी, बोले- विकास के लिए भाजपा का करें समर्थन, सरोज पांडेय को जिताने की अपील

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतर्गत कोरबा के सीएसईबी मैदान में सभा को संबोधित किया। भगवान राम के ननिहाल में आकर खुश हुए योगी ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने पिछले 10 वर्ष में नरेंद्र मोदी के सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है, जिनके लिए लगातार सभाएं हो रही हैं। इसी सिलसिले में स्टार प्रचारक और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरबा पहुंचे। अपने भाषण की शुरुआत में उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और छत्तीसगढ़ में इस अवसर की खुशी के साथ की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की धरती से ही भगवान ने निश्चरों के सर्वनाश का संकल्प लिया था। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास पर अपनी बात रखते हुए योगी आदित्यनाथ ने बताया कि सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है और यह सब कुछ जमीन पर दिख रहा है। कांग्रेस की पिछली सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पहले देश में आतंकवाद से लेकर यहां वहां बम विस्फोट ऐसी घटनाएं हुआ करती थी। मोदी के नेतृत्व की सरकार ने सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ आतंकी घटनाओं को रोकने का काम किया है। इसलिए अब आसपास में पटाखे फूटने पर पाकिस्तान को बार-बार सफाई देनी पड़ रही है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने देश के विकास के लिए बीते 10 वर्षों में किए गए कार्यों पर रोशनी डाली और एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने की अपील की। श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत उद्बोधन दिया।। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।



## महतारी वंदन योजना महिलाओं का बन रही आर्थिक संबल, कहा - हमारा समर्थन भाजपा को

**कोरबा/रामपुर ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में धुंआधार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा नेत्री श्रीमती धनेश्वरी कंवर द्वारा रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों जाकर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरोज दीदी को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने का लक्ष्य लेकर महिला समूह एवं गांव के ग्रामीण जनों के साथ लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। महिलाओं ने कहा महतारी वंदन योजना से हमें आर्थिक संबल मिला। हमारा समर्थन भाजपा को।

सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7 स्टॉर रैंकिंग अवार्डेडे सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल



To make all the Students Intelligent With Smily

Features
- Innovative Curriculum
- Creative Experiential Learning
- Multipurpose Auditorium
- Well-equipped Science & Computer Lab
- State of the Art Infrastructure
- Indoor Outdoor Sports Activity Centers
- Certified Teachers
- Well furnished Classrooms
- Best Education Plans
- Smart Classes
- Safe Campus (CCTV)

Smart Classes, Digital School
ग्रामीण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा का एक मात्र सीबीएसई विद्यालय वह भी कम फीस में...

CBSE SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2024-25
PLAY GROUP TO CLASS XII
Green Campus Silent Zone

Nitesh Kumar Memorial
LIONS PUBLIC SCHOOL
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (New Delhi), CBSE AFFILIATION NO.:3330422
Today's Struggle Tomorrow's Strength
KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.)
Call@62612-97651, 74899-24435
Website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com
E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com

चिलचिलाती गर्मी में उनकी भी चिंता करो एक सकोरा पानी भर इनकी भी प्यास बुझाओ...

# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार
अगर जो चाहा है, वह न मिले तो, जो मिला है उसे चाह कर देखो...।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 03 मई से 09 मई 2024


## राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ कांग्रेस दफ्तर में स्थानीय नेताओं की बदसलूकी से नाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा पोस्ट करते हुए लिखा है, आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं और अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं। अपने व देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी।

दरअसल, राधिका खेड़ा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं के बीच विवाद हुआ था। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है, जब मीडिया में बयान देने को लेकर नेताओं में विवाद हो गया। कहा जा रहा है कि रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा स्थानीय नेताओं और प्रवक्ताओं के साथ मौजूद थीं, विवाद तभी हुआ। अटकलें हैं कि राधिका भाजपा ज्वाइन कर सकती हैं।

## प्रचार का शोर थमा, 168 प्रत्याशी मैदान में

**सबसे ज्यादा रायपुर-बिलासपुर में, इनमें 26 महिलाएं; छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर 7 मई को वोटिंग**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में 05 मई को 7 सीटों पर चुनावी शोर शाम 6 बजे थम गया। इसके लिए सातों सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी। बीजेपी-कांग्रेस के नेता प्रचार के आखिरी दिन एड़ी-चोटी का जोर लगाया। अब घर-घर जाकर वोट मांगेंगे। अंतिम चरण के लिए 168 प्रत्याशी मैदान में हैं, इनमें 26 महिलाएं हैं।

सातों विधानसभा क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद कर दी गई हैं। अब 7 मई की शाम 6 बजे के बाद खुलेंगी। निर्वाचन की टीम और सुरक्षाकर्मियों ने प्रदेश में 42 दिन में 117.87 करोड़ का माल जब्त किया है। ये हर बार की अपेक्षा सबसे ज्यादा है। प्रदेश में अंतिम चरण में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा और सरगुजा सीट के लिए मतदान होगा।

**रविवार शाम से बंद हुईं शराब दुकानें**

छत्तीसगढ़ में (5 मई) शाम 5 बजे से शराब दुकानें बंद हो गई हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शासन ने 5 मई की शाम 5 बजे से 7 मई तक ड्राई डे घोषित किया है। यह आदेश रायपुर सहित दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा लोकसभा क्षेत्रों के लिए लागू रहेगा।

**42 दिनों में रायपुर में 2.75 करोड़ के जेवर, कपड़े, कैश जब्त**

चुनाव में किसी भी तरह के काले धन के इस्तेमाल और अवैध शराब को रोकने के लिए लगातार जांच भी तेज हो गई है। आचार संहिता के 42 दिनों करीब 118 करोड़ का माल जब्त किया गया। केवल रायपुर से ही 2.75 करोड़ से ज्यादा के जेवर, कपड़े, कैश और शराब जब्त की जा चुकी है। पुलिस ने कैश और जेवर आयकर विभाग को सौंप दिया है। बाकी चीजों को थानों के मालखाने में रखा गया है। जिन लोगों ने अपने सामान या कैश के दस्तावेज पेश किए हैं उन्हें उनका सामान भी वापस कर दिया गया है।



## अयोध्या में पीएम ने रामलला के दर्शन किएआरती उतारी, दंडवत प्रणाम किया,रामपथ पर खुली जीप में रोड शो शुरू

**अयोध्या, एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। आरती उतारी। दंडवत प्रणाम किया। पीएम ने %रामपथ% पर 2 किलोमीटर लंबा रोड शो शुरू हो गया। सीएम योगी भी खुली जीप में साथ हैं। सड़कों के दोनों तरफ जबरदस्त भीड़ है। सड़क पर पैर रखने की जगह नहीं है। अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी पीएम के साथ हैं। तीनों हाथ में भाजपा का चुनाव चिह्न कमल लिए हैं। जीप के आगे-आगे महिलाएं चल रही हैं। समर्थक जयश्री राम के नारे लगा रहे हैं। मोबाइल की लाइट जलाकर पीएम का अभिवादन कर रहे हैं। जिस रामपथ से पीएम का रोड शो निकल रहा है, उसे फूलों से सजाया गया है। बड़ी संख्या में साधु-संत भी पहुंचे हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी का यह पहला दौरा है। चुनाव के बीच अयोध्या में रोड शो करने वाले मोदी पहले पीएम हैं। रोड शो से पीएम पूरे देश को साधेंगे। अयोध्या से भाजपा ने लल्लू सिंह को टिकट दिया है। जबकि सपा ने अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है।

## नड्डा बोले- राम वोट का नहीं, आस्था का विषय

**सरगुजा/सूरजपुर, एजेंसी।**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सूरजपुर के हाईस्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम वोट का नहीं, आस्था का विषय है। इसके साथ ही कांग्रेस को कहा कि आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम आरक्षण करने की कोशिश कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी जी सरकार में आदिवासी, दलित और ओबीसी भाइयों का आरक्षण नहीं काटा जाएगा। सभी का आरक्षण पक्का रखा जाएगा। इसकी हम व्यवस्था करेंगे। नड्डा नेने राहुल गांधी को राम विरोधी और सनातन विरोधी बताया।

**राम को लेकर गांधी परिवार पर नड्डा का हमला**

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में कोर्ट में लिखकर दिया था कि राम काल्पनिक हैं, राम का कोई एतिहासिक आधार नहीं है, राम का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ये उन्होंने कोर्ट में लिखकर दिया था।

ये सनातन विरोधी हैं। उदयनिधि स्टालिन बोलता है कि सनातन डेंगू है। ए राजा बोलता है सनातन HIV एडस है और राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी का मुंह चुप, खरगे जी चुप कोई कुछ नहीं बोलता है। ये राष्ट्र विरोधी भी हैं। इनके एक स्क्क डीके सुरेश बोलता है कि साउथ के प्रदेशों को अलग देश बना देना चाहिए। ये देश द्रोही हैं। ऐसे लोगों को घर में बैठाना है।

मोदी जी ने आदिवासी भाइयों का बजट तीन गुना बढ़ा दिया है। एकलव्य स्कूल उसका बजट 21 गुना बढ़ा दिया है, ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई करने से छूट न पाए। जंगलों में होने वाले उत्पादों को 90 आइटम की MSP में खरीदारी हो रही है। 12 करोड़ में डेढ़ करोड़ आदिवासी भाइयों के घरों में मोदी जी ने शौचालय बनाने का काम किया।

**भारत की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर है**

नड्डा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11 नंबर से मोदी जी के नेतृत्व में छलांग लगाकर 5वें नंबर पर पहुंच गई। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइये। भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

छत्तीसगढ़ की 2 करोड़ जनता को प्रधानमंत्री अन्य योजना के तहत 5 किलो गेहूं या 5 किलो चावल और एक किलो दाल मिलते रहेगा। इसका फायदा ये हुआ कि जो 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा में था, वह अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। भारत की अति गरीबी एक प्रतिशत से भी कम हो गई है।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज्य में एक पंचायत में दो या तीन मकान बनते थे, लेकिन आज मोदी जी ने 4 करोड़ पक्के मकान बनाकर दे दिए। एक-एक पंचायत में 40-40 मकान 50-50 मकान बने हैं। हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ दिया गया है।

अगले पांच साल में 3 करोड़ और पक्के मकान बनेंगे। हर घर की छत पर सोलर पैनल लगेंगे, जिससे बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। आपके खर्च के बाद जो बिजली बचेगी, उसे सरकार खरीदेगी, जिससे आपको मुनाफा होगा।

## भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय की पत्रकारवार्ता, कहा- 5 साल में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, माइनिंग कॉलेज, आईटीआई और सभी 919 पंचायतों को 25-25 लाख

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने गुरुवार को कोरबा लोकसभा के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया और कहा कि जनता को मोदी पर विश्वास है और इस बार जनता का विश्वास और बढ़ेगा। उन्होंने ढेर सारे वादे किए, खासतौर पर खदान वाले इलाके में उन्होंने माइनिंग कॉलेज खोलने पर जोर दिया। यह भी कहा कि कोरबा की स्वास्थ्य सुविधाएं काफी लचर है। कोरबा में एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की भी जरूरत है। पांडेय ने जीत मिलने के बाद 5 साल में हर वादा पूरा करने का दावा किया।

**6000 करोड़ रुपए के कराए जा रहे काम**

सरोज पाण्डेय ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास के लिए 6782 करोड़ के काम कराए जा रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा काम कोरबा में हुए हैं कोरबा में रेल सुविधा बदहाल के प्रश्न के जवाब में कहा अगले 6 महीने में कोरबा में रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। बिजली घरों की राखड़ से संबंधित समस्या भी दूर करने की बात सरोज पांडेय ने कही।

**पंचायत को 25 लाख रुपए देने का वादा**

सरोज ने एक बार एक बार फिर दोहराया कि हर पंचायत को 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे। कांग्रेस के फंड की व्यवस्था कहां से होगी के सवाल पर सरोज पांडेय ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कांग्रेसियों को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। अपने क्षेत्र के लिए फंड की व्यवस्था करना मेरी जिम्मेदारी है। हर पंचायत को 25 लाख रुपये देंगे ताकि वहां सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था करना मेरी जिम्मेदारी है। आकांक्षी जिले की केटेगरी से बाहर निकलेंगे और एक विकसित कोरबा बनाएंगे।

**माइनिंग कॉलेज खोलने की बात कही**

तीसरे चरण में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में मतदान से 5 दिन पहले भाजपा प्रत्याशी ने कई सवालों के जवाब दिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के मामले में कोरबा को आगे करने के लिए कई प्रयास किए जाने की जरूरत है। कोरबा में माइनिंग कॉलेज की स्थापना करने की जरूरत है। ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भी कोरबा पिछड़ा हुआ है। यहां एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की जरूरत है। उन्होंने जरूरत के हिसाब से आईटीआई का विस्तार करने की भी बात कही ताकि बच्चे स्कील्ड हो जाएं। इसके अलावा उन्होंने कई घोषणाएं की और कहा कि जनता अपनी बेटी को आशीर्वाद दे, ताकि ट्रिपल इंजन से क्षेत्र का बेहतर विकास हो सके। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहती है जनता और यदि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो देश का विकास शिखर पर पहुंचेगा और विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा।



## चिरमिरी में सजा बाबा बागेश्वर धाम का दरबार, कथा सुनने दूर दूर से पहुंचेंगे भक्त

**सरोज पाण्डेय ने लिया आशीर्वाद**



**चिरमिरी ( दिव्य आकाश )।** स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में बागेश्वर धाम महाराज की एक दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। जिसमें बागेश्वर धाम महाराज का दरबार सजा तथा एमसीबी जिला के अलावा कोरिया , कोरबा ,पेंड्रा गौरेला एवं अन्य क्षेत्रो से भी लोग उपस्थित हुए । आज के धाम में भक्त गणों के अलावा छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कोरबा लोकसभा के उम्मीदवार सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, बैकुंठपुर के विधायक भैयालाल राजवाड़े, मरवाही के विधायक प्रणव मोर पच्ची, पूर्व विधायक श्रीमती चम्पा देवी पावले भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी,कृष्ण बिहारी जायसवाल सहित हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचे।



## चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने झोंकी ताकत

### कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर सरोज पांडेय को जीतने की अपील, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में कोरबा लोकसभा क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास - सरोज पांडेय

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

आगामी 7 में को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के प्रचार के अंतिम दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय की प्रमुख उपस्थिति में हजारों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं आम जनमानस के द्वारा बाइक रैली निकालकर जो कोरबा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में समाप्त हुई आयोजित बाइक रैली में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोगेश लंबा, , भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह गोपाल मोदी बसंत अग्रवाल पंकज सोनी वैशाली रतन परखी नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे आयोजित बाइक रैली उपस्थित रहे आयोजित बाइक रैली गौ माता सीतामढ़ी से शुरू होकर, पुराना बस स्टैंड, पवन टॉकीज़ क्रॉसिंग, सोनालिया ब्रिज, ट्रांसपोर्ट नगर चौक सीएसईबी चौक जैन मंदिर चौक महाराणा प्रताप चौक घंटाघर चौक नेताजी सुभाष चौक से होते हुए कोसाबाडी चौक राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान पहुंचकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को लोकसभा सांसद प्रत्याशी सरोज पांडेय के द्वारा संबोधित भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित कर केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की तीसरी बार की सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार के दौरान आम जनमानस का मिला अपार प्रेम और स्नेह मेरी जीत की गारंटी को सुनिश्चित करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्य और दूरगामी परिणाम वाले निर्णय के माध्यम से देश का हर वर्ग अपने आप को सुरक्षित मान रहा है और अपने आप को आत्मनिर्भर बना रहे ऐसी कई जनहित कार्य योजनाएं हैं जिससे हम सभी भली भांति रूप से वाकिफ हैं और इन योजनाओं के माध्यम से अंत्योदय के लक्ष्य को भी हम प्राप्त कर रहे हैं।

सुश्री पांडेय ने आगे कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर हमारा विजन पूरी तरह स्पष्ट है हमने राजनीति में सुचिता और विश्वास का वातावरण बहाल किया है पिछले 100 दिनों में हमारे प्रदेश की विष्णु देव साय की सरकार के द्वारा कांग्रेस द्वारा पैदा किए भरोसे के संकट को दूर कर विश्वास की फिर से बहाली की है।

## सुविचार

समर्थ भारत-सक्षम भारत के लिए एक-एक वोट कीमती है, सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना योगदान दें...।

## सरोकार

# मोदी के नए-नए प्रयोग से हो रहा भाजपा का विस्तार

मोदी के 10 साल के शासनकाल को भारत की जनता ने देखा, सुना और महसूस किया कि किस तरह से जुनून और जज्बा दिखा कर अपने जीवन को मां भारती को मोदी ने समर्पित किया। आज देश विश्व के उन शक्तिशाली देशों में सुमार है,जो अपने आपको विश्व का नेतृत्व करने वाले समझते हैं। इन 10 सालों में विश्व ने भी देखा कि किस तरह से भारत को सक्षम नेतृत्व मिला है। उनके नेतृत्व को विश्व ने सराहा और हमारे दुश्मनों को भारत में टेढ़ी नजर करने की हिम्मत तक नहीं होती। 2024 के चुनाव में मोदी कहते हैं कि यह चुनाव आम नहीं है, बल्कि सशक्त, सक्षम भारत के लिए है, विकसित भारत के लिए है। इन 10 सालों में भारत विश्व का पांचवीं आर्थिक ताकत बन गया है और मोदी ने लक्ष्य रखा है कि 2027 तक भारत को तीसरे पायदान पर लाना है। भारत को विश्व में गौरव हासिल हुआ। रामलला को उनका नया धाम देकर मोदी ने भारत की संस्कृति को विश्व गगन तक पहुंचाया और हमारी विरासत को लौटाने में अथक प्रयास किया। पिछले विधानसभा चुनावों और इस लोकसभा चुनाव में कई नए-नए चेहरों पर प्रयोग किया, जिसके कारण परिवारवाद को मात मिली और भाजपा को रफ्तार। आज देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भाजपा उभरी है और आने वाले समय में भाजपा और भी बढ़ेगी।

**संपादक**

# क्या यह भाजपा की आंधी है

भारतीय जनता पार्टी इस बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 18 वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव में मैदान में उतरी है, जबकि विपक्ष के पास न कोई नेतृत्व है और ना ही कोई सामुहिक एजेंडा। मोदी को रोकने के लिए देश भर के विपक्षी दल इंडि अलायंस बनाए हैं, लेकिन इंडि अलायंस के पास सामुहिक नेतृत्व नहीं दिख रहा है, ना ही इंडि गठबंधन ने सामुहिक रूप से घोषणा पत्र जारी किया है। कांग्रेस मात्र 263 सीट से लड़ रही है और यदि बहुमत का दावा करेगी तो यह जनता को बेवकूफ बनाना जैसा है, क्योंकि कांग्रेस बहुमत के आंकड़े के बराबर सीट से चुनाव ही नहीं लड़ रही है, तो कांग्रेस के घोषणापत्र का औचित्य ही क्या है ? जनता आज जागरूक हो गई है और जानती है कि घोषणा पत्र जारी करने और उसे पूरा करने में काफी अंतर है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कई ऐसे वादे किये हैं, जिसे पढ़कर और सुनकर लोग दिग्भ्रमित तो हो रहे हैं, लेकिन सोचने पर मजबूर भी हो रहे हैं कि कांग्रेस अपना घोषणा पत्र में उल्लेखित बातों को कैसे पूरा करेगी, जबकि उसके पास बहुमत का आंकड़ा है ही नहीं। 263 सीट पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस आखिर सरकार कैसे बनाएगी। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में हुए कार्यों से इस बार भी भाजपा की आंधी दिख रही है।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

### लोकसभा चुनाव 2024: भाजपा का संकल्प पत्र-2047 तक विकसित भारत बनाने मोदी का जज्बा दिखा

# भाजपा के घोषणा पत्र में यूसीसी का वादा,70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

**गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं**

पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार ने कितनी बड़ी कड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार गरीब, मध्यमवर्ग का हक छीनता है। हजारों करोड़ के घोटाले बंद हुए हैं और गरीब को हक मिल रहा है। गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं। निरंतर सख्त कार्रवाई होती रहेगी, ये मोदी की गारंटी है। लाल किले से कहा था कि यही समय है-सही समय है। आने वाले एक हजार वर्षों के लिए भारत के भविष्य को तय करने वाला ये उत्तम से उत्तम अवसर है, उत्तम से उत्तम समय है। भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के नतीजे के बाद तुरंत तेजी से काम शुरू हो जाएगा। सरकार पहले ही 100 दिन के एक्शन पर काम कर रही है। 140 करोड़ लोगों की अपनी एम्बिशन मोदी का मिशन है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सीएए लाए, 370 को हटाया**

आज आपने देखा कि भाजपा का ये संकल्प पत्र ऐसी ही एक सरकार की गारंटी देता है। विश्व बंधु के तौर पर मानवता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भाजपा देश हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। 370 को हटाया और सीएए लेकर आए। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर और तेजी से आगे बढ़ेंगे। गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। वन नेशन और वन इलेक्शन को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी हम देश हित के लिए जरूरी समझते हैं।

**स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे**

स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे। रोडमैप से आगे बढ़ेंगे। ये भारत के यूथ के लिए इतनी सारी ऑपर्च्यूनिटीज लेकर आएगा, जिसकी कल्पना भी नहीं होगी। विश्व में अनिश्चितता है, युद्ध के हालात हैं, तनाव है। संकट के ऐसे समय में इन क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता है। जब दुनिया में इतने तनाव और तूफान हो, तब भारत में एक मजबूत पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसी सरकार जो देश को आर्थिक समृद्धि दे, विकसित भारत की ओर ले जाए और भाजपा संकल्पबद्ध है।

**भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प**

भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है। वो समय दूर नहीं जब भारत दुनिया का ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, सेमी कंडक्टर, कॉन्ट्रेक्टिंग, कॉमर्शियल हब होगा। दुनिया के बड़े-बड़े इकोनॉमी सेंटर भारत में होंगे। भारत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेंटर और ग्लोबल इंजीनियरिंग सेक्टर का हब बनेगा।

**पूरे देश में चार्जिंग स्टेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए जा रहे हैं**

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल का मार्केट बढ़ रहा है। 10 साल पहले एक साल में 2000 गाडियां बिकी थीं। पिछले साल 17 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाडियां बिकी हैं। पूरे देश में चार्जिंग स्टेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए जा रहे हैं। पीएम सूर्य घर से जोड़कर चार्जिंग स्टेशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इससे भी देश में रोजगार की संभावनाएं बनने जा रही हैं।

**रिन्यूएबल एनर्जी, गोवर्धन, बायो फ्यूल, ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टर्स में तेजी लाएंगे**

भाजपा का संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है। डिफेंस, एडिबल ऑयल, एनर्जी इम्पोर्ट भारत




कब तक दूसरे देशों पर निर्भर रहेगा। आज एनर्जी को इम्पोर्ट करने के लिए लाखों करोड़ का फॉरेन एक्सचेंज खर्च करते हैं। भारत का फोकस ग्रीन एनर्जी और एनर्जी प्रोडक्शन पर है। रिन्यूएबल एनर्जी, गोवर्धन, बायो फ्यूल, ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टर्स में तेजी लाएंगे। इससे देश में ग्रीन जॉब्स पैदा होंगे।

**वंदे भारत का विस्तार करेंगे, देश के चारों कोने में बुलेट ट्रेन चलाए जाएंगे**

वंदे भारत का विस्तार करेंगे। वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम पूर्ण हो रहा है। उसी तरह से आने वाले समय में उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चलाएंगे।

**एविएशन सेक्टर पर जोर**

एविएशन सेक्टर पर भी जोर है। एक हजार से ज्यादा नए विमान का ऑर्डर दिया है। अपने साथ रोजगार की संभावनाएं लाएंगे। ये सेक्टर छोटे शहरों में रहने वाले युवाओं के लिए ड्रीम सेक्टर बनेंगे।

**सैटेलाइट टाउन बनाएंगे**

इनका मजबूती से विस्तार पुरानी सोच से अलग है। स्केल और स्पीड इतनी बढ़ेगी कि स्कोप भी बढ़ जाएगी। ये प्राथमिकता है। अर्बनाइजेशन शहरीकरण को पहले की सरकारें चुनौती माना करती थीं। भाजपा उसमें अवसर देखती है। सैटेलाइट टाउन बनाएंगे, जो रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे।

**सोशल, फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगे**

21वीं सदी के भारत की बुनियाद के लिए भाजपा 3 इन्फ्रास्ट्रकचर्स से मजबूत करेगी। सोशल, डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर। सोशल- नए इंस्टिट्यूट, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक ड्राइवर्स के लिए हाईवे के पास रेस्ट के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर्स डेवलप करने जा रहे हैं। फिजिकल- हाईवे, रेलवे, एयरवे, वाटरवे को आधुनिक बना रहे हैं। डिजिटल- 5 जी विस्तार, 6 जी पर काम, इंडस्ट्री 4.0 के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रहे हैं, सर्विसेस को ऑनलाइन कर रहे हैं। ओएनडीसी और टेली मेडिसिन का विस्तार कर रहे हैं।

**टूरिज्म को बढ़ाने पर काम किया जाएगा**

देश में टूरिज्म का जो पोटेंशियल है, उसे भी अनलॉक किया जाना बाकी है। भाजपा ने विश्व प्रवासी ग्लोबल टूरिस्ट को हमारी विरासत से जोड़ा जाएगा। इस विरासत को हम वर्ल्ड हेरिटेज से जोड़ेंगे। अनेक स्थलों का विकास किया जाएगा। अभी एक ऑनलाइन कंपटीशन चल रहा है। लोग टूरिज्म टूरिज्म डेस्टिनेशन की रैंकिंग कर रहे हैं। इसके आधार पर अच्छे टूरिस्ट डेस्टिनेशन को सिलेक्ट कर सर्वांगीण विकास के लिए हम आगे काम करेंगे। टूरिज्म वो सेक्टर है, जो सबसे कम निवेश में सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करता है। टूरिज्म बढ़ता है तो होटल, रेस्टोरेंट, ऑटो रिक्शा वाले सभी को फायदा होता है। इको टूरिज्म के नए सेंटर्स बनाएंगे। होम स्टे के जो अवसर बनेंगे, उसका लाभ हमारे ट्राइबल परिवारों को होगा। होम स्टे के लिए महिलाओं को विशेष रूप से आर्थिक मदद देने की योजना बनाकर आएगी।

**पूरी दुनिया में कल्चरल सेंटर का निर्माण होगा**

विकास और विरासत में हमारा विश्वास है। पूरी दुनिया में कल्चरल सेंटर्स का निर्माण करेंगे। दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल देश का गौरव है। हमारा गौरव है। तमिल भाषा की वैष्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए भाजपा नए कदम उठाएगी।

**जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा**

जनजातीय गौरव दिवस मनाना तय किया है। 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जाएगा। जनजातीय विरासत पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी, वन उपज स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

**प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा**

धरती मां की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। भारत रिवोल्यूशनी काम शुरू किया है और सफलता मिली है। नैनो यूरिया पर जोर दिया जाएगा। किसान समृद्धि केंद्रों का विकास किया जाएगा। संकल्प फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। फायदा होगा और रोजगार पैदा होंगे। ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए इंजन बनेगें।

**भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी**

भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी। ये क्रांतिकारी दिशा में बढने वाले हैं। देशभर में डेयरी सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कुछ महीने पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना शुरू हो चुकी है। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने के लिए हम श्री अन्न पर फोकस करने वाले हैं। श्री अन्न पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को लाभ होगा। दलहन-तिलहन में किसानों को मदद करेंगी। सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर्स बनाएगी। फिशरीज के लिए नए प्रोडक्शन और प्रॉसेसिंग क्लस्टर्स बनाए जाएंगे। सी वीड की खेती और मोती की खेती के लिए भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

**किसान सम्मान निधि का लाभ जारी रहेगा**

भाजपा ही है जो किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में हमारे पशुपालक और मछुआरों को जोड़ा है। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ भी देश के 10 करोड़ किसानों को आगे भी मिलेगी।

**महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रोग्राम**

महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रोग्राम और विशेष सुविधाएं बनाई जाएंगी। बहनों-बेटियों के स्वास्थ्य के मिशन को आगे बढ़ाते हुए सर्वाइकल कैंसर के लिए अभियान चलाए जाएंगे।

**नमो ड्रोन दीदी योजना का विस्तार किया जाएगा**

नमो ड्रोन दीदी योजना से गांव-गांव में बहनें ड्रोन पायलट बनेंगी। इनसे मिला तो कह रही थीं कि साइकिल भी चलाना नहीं जानते थे, आज पहचान पायलट की बन गई है। पूरे गांव में प्रतिष्ठा मिली है। सरकार जो ड्रोन दे रही है, उसकी कीमत लाखों रुपए में है। मुझे अनुभव है कि माताएं-बहनें बहुत अच्छी तरह से इसे संभालती हैं। एग्रीकल्चर में रिवोल्यूशन में भी ड्रोन दीदी स्थापित होंगी।

**दिव्यांग जनों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी**

जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है। यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा है। 10 साल में हमने दिव्यांग जनों के लिए अनेक सुविधाएं दी हैं। इन्हें पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, विशेष जरूरतों के अनुसार आवास मिले, उसका आर्किटेक्टर बदलना पड़ेगा, इस पर फोकस करके काम किया जाएगा। ट्रांस जेंडर्स को भी किसी ने नहीं पूछा। ऐसे साथियों को पहचान और प्रतिष्ठा देने की शुरुआत की है। इन्हें भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का फैसला किया है। भारत आज विमेन लेड डेवलपमेंट में दुनिया को दिशा दिखा रहा है। आने वाले 5 साल नारी शक्ति की भागीदारी के होंगे। 10 करोड़ महिलाएं सहायता समूहों से जुड़ीं। 10 करोड़ सहायता समूहों को आईटी, टूरिज्म, आदि सेक्टर्स के लिए ट्रेनिंग देंगे। 1 करोड़ लखपति दीदियां बन चुकी हैं। मोदी ने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है।

**स्व निधि योजना का विस्तार किया जाएगा**

शहर हो या गांव युवाओं को अपनी रुचि का काम करने के लिए और अधिक पैसे मिलेंगे। आजादी के बाद पहली बार रेहड़ी पटरी और ठेले वाले भाई-बहनों को डिग्निटी मिले, ब्याज से मुक्ति मिले, इसमें स्व निधि योजना ने भूमिका निभाई है। रिवोल्यूशन आया है। आज बैंकों ने इन्हें बिना गारंटी मदद दी है। मोदी उनकी गारंटी देता है। भाजपा इस योजना का विस्तार करेगी। एक तो 50 हजार रुपए के कर्ज की लिमिट को बढ़ाया जाएगा, इसी योजना को देश के छोटे कस्बों और गांव-देहात के लिए खोल दिया जाएगा।

**मुद्रा योजना का दायरा 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए किया जाएगा**

मुद्रा योजना से करोड़ों आंत्रप्रिन्योर बने, जॉब क्रिएट हुए और जॉब क्रिएटर बने। भाजपा ने संकल्प लिया है कि अब तक मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख रुपए थी, अब भाजपा ने इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है।

**पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे**

अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं। पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे। हमने करोड़ों गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए। करोड़ों परिवारों का बिजली बिल जीरो करने और बिजली से कमाई करने की दिशा में काम करेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की है। एक करोड़ लोग रजिस्ट्री करा चुके हैं। भाजपा का संकल्प है कि इस योजना पर और तेजी से काम किया जाएगा।

**हम 3 करोड़ और नए घर बनाएंगे**

बुजुर्ग चाहे गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों, उच्च-मध्यम वर्ग के हों, ये नया दायरा होगा, जिन्हें 5 लाख रुपए के मुफ्त इलाज की योजना मिलेगी। गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। परिवारों के विस्तार होते हैं, एक घर से दो घर हो जाते हैं। नए घर की संभावना होती है। उन परिवारों की चिंता करते हुए हम 3 करोड़ और नए घर बनाएंगे।

**70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा**

मोदी की गारंटी है कि जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी डिस्काउंट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। इनका विस्तार भी करेंगे। गारंटी है कि आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। भाजपा ने बड़ा निर्णय लिया है, 70 वर्ष की आयु के ऊपर के सभी बुजुर्गों से जुड़ा है। जो बुजुर्ग हैं, उनकी चिंता होती है कि बीमारी की स्थिति में इलाज कैसे होगा। मध्यम वर्ग को चिंता ज्यादा होगी। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाए।

**भाजपा ने पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला**

भाजपा ने पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर सिद्ध किया कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। काम रुकता नहीं है। जो लोग गरीबी से बाहर आए, इन्हें भी लंबे अरसे तक संबल की जरूरत है। कभी-कभी छोटी सी कठिनाई भी फिर से उसे गरीबी में धकेल देती है। अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन बढिया हो गया होगा, फिर भी डॉक्टर कहते हैं कि महीना दो महीना ये चीजें संभालना। वैसे ही गरीबी से जो बाहर निकलकर आया है, उसे भी कुछ समय के लिए बहुत संबल की आवश्यकता होती है। ताकि वो दोबारा गरीबी में जाने के लिए मजबूर ना हो जाए। इसी सोच के साथ भाजपा ने गरीब कल्याण की कई योजनाओं का विस्तार का संकल्प लिया है। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम निश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषण युक्त हो। उसके मन को संतोष देने वाली हो, सस्ती भी हो। पेट भी भरे, मन भी भरे और जेब भी भरी रहे।

**हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ**

हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, निवेश से नौकरी पर है। संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ ऑपर्चुनिटीज और क्वालिटी ऑफ ऑपर्च्यूनिटीज पर फोकस है। स्टार्टअप को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेस पर ध्यान देने जा रहे हैं।युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

**संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करता है**

भाजपा ने मेनिफेस्टो की शुचिता को फिर से स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करता है।

**10 साल में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा**

आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। मैं सभी को बधाई देता हूं। राजनाथजी और उनकी टीम, लाखों सुझाव भेजने वालों का भी अभिनंदन करता हूं। पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का इंतजार रहता है। बड़ा कारण है कि 10 साल में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है।


**पीएम मोदी ने कहा- आज बहुत शुभ दिन है**

पीएम मोदी ने कहा- आज बहुत शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। बंगाल में वैशाख का, असम में बिहू, ओडिशा में पाना संक्रांति, केरल में बिशु, तमिलनाडु में नववर्ष पुथांडु हो... सब जगह हर्ष का दौर। नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं। मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। सोने में सुहागा कि आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है।

# मोदी बोले- चायवाले ने शाही परिवार की कुप्रथा तोड़ी

## सीतापुर में सपा-कांग्रेस से पूछा- सत्ता में आए तो क्या राम मंदिर को अस्पताल बना दोगे ?

**इटावा/ सीतापुर, एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इटावा और सीतापुर में रैली को संबोधित किया। इटावा में पीएम ने कहा- शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनें, यह कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है। 5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिर-मंदिर घूम रहा था।

कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। मगर, इस बार मंदिर के दर्शन बंद है। पीएम ने मंच से मुलायम सिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली। मुलायम सिंह के सगे भाई (शिवपाल यादव) भाजपा को जीताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

सीतापुर में पीएम ने कहा- मोदी जब तक जिंदा है। SC, ST, OBC को आरक्षण को खत्म नहीं होने देगा। मैं छोटी काशी की इस धरती से सवाल उठा रहा हूं कि क्या सत्ता में आए तो राम मंदिर को भी अस्पताल बना दोगे? क्या काशी विश्वनाथ पर भी बुलडोजर चलाओगे? मोदी बड़े सपने लेकर चलता है। अब तक हो हुआ है। वह ट्रेलर है।

## भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश, सूरत से मौलवी गिरफ्तार



**सूरत, एजेंसी।** भाजपा और हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को सूरत से एक मौलवी मोहम्मद सोहेल उर्फ अबु-बकर तीमोल को गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के निशाने पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदू सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा और सुदर्शन टीवी के चीफ एडिटर सुरेश चव्हाणके थे। सूरत पुलिस के मुताबिक, 27 साल का मौलवी मोहम्मद सोहेल मदरसे का टीचर भी है। वो पिछले दो साल से पाकिस्तान के डोंगर और नेपाल के शहनाज के साथ वॉट्सऐप के जरिए संपर्क में था। वॉट्सऐप चैट में वे भारत में नबी की गुस्ताखी में दखल दिए जाने और ऐसे लोगों को सीधा करने की बात कर रहे हैं। उपदेश राणा की हत्या के लिए 1 करोड़ रुपए सुपारी की भी चैट में चर्चा हुई है।

# बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर



**शिवलिंग की ऊंचाई 8 फीट, 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा**

**अनंतनाग,एजेंसी।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है।

## बिलासपुर में मतदान से पहले कांग्रेस में फूटा लेटर बम,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बोले- कांग्रेस हारती है तो पूरी जिम्मेदारी अटल श्रीवास्तव की होगी

**बिलासपुर, एजेंसी।**

बिलासपुर के कोटा विधानसभा अंतर्गत रतनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूर्या ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव पर कार्यकर्ताओं से उपेक्षा का आरोप लगाया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने विधायक के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को चिट्ठी लिखकर शिकायत की है। कांग्रेसियों ने लिखा है कि यदि कोटा विधानसभा में कांग्रेस हारती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी अटल श्रीवास्तव की होगी।

इस मामले में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव का कहना है कि मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की गई है। बूथ से लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए काम कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अपनी मनमर्जी कर रह रहे हैं। मुझे और कांग्रेस पार्टी को केवल बदनाम करने के लिए शिकायत की गई है।


## राजनाथ सिंह बोले- राहुल गांधी में आग नहीं:लेकिन कांग्रेस हिंदू-मुस्लिमों को बांटने की कोशिश कर आग से जरूर खेल रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि राहुल गांधी में कोई आग नहीं है, लेकिन कांग्रेस चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम को बांटने की कोशिश करके आग से जरूर खेल रही है। कांग्रेस धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करके सामाजिक सौहार्द बिगाड़ रही है। मुस्लिमों को केवल वोट बैंक के रूप में देखती है।

न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी और कांग्रेस के अलावा लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत, चीन से सीमा विवाद, पाकिस्तान के आतंकवाद और PoK पर कब्जे को लेकर भी बात की।

उन्होंने दावा किया कि जम्मू कश्मीर में जल्द ही हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे, साथ ही वहां विधानसभा चुनाव भी होंगे, हालांकि इसका समय गृह मंत्रालय तय करेगा।



**कांग्रेस केवल सत्ता में आने वाली राजनीति न करे**

राजनाथ ने कहा कि मेरा कांग्रेस के लिए एक सुझाव है कि राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जानी चाहिए। राजनीति का मकसद राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। हमारी सरकार तीसरी बार आती है तो समान नागरिक संहिता और एक देश एक चुनाव लागू करेंगे।

**कांग्रेस की वेल्थ डिस्ट्रीब्यूशन योजना देश के लिए घातक**

राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वेल्थ डिस्ट्रीब्यूशन योजना को देश के लिए घातक बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाओं से देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। इससे मंदी आएगी और निवेशकों का भारत पर से भरोसा उठ जाएगा। अर्जेंटीना और वेनेजुएला ने इसे लागू किया और विनाशकारी परिणाम भुगतने पड़े।

**पीएम नरेंद्र मोदी पर देश को भरोसा, हम 400 पार सीटें लाएंगे**

राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश को भरोसा है। उन्हें विश्वास है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 400 सीटों को पार कर जाएगा और भाजपा को 370 से अधिक सीटें मिलेंगी। ये अनुमान जमीनी स्थिति के विस्तृत जायजा लेने के बाद लगाए गए हैं।

## पूर्व पीएम देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना एसआईटी की हिरासत में

**किडनैपिंग से जुड़ा है मामला, स्कैंडल में घिरे पोते प्रज्वल को ब्लूकॉर्नर नोटिस की तैयारी**

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बेटे और कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने हिरासत में ले लिया है।



यह एक्शन किडनैपिंग केस में लिया गया है। रेवन्ना ने गिरफ्तारी से अग्रित जमानत के लिए अपील की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद एसआईटी ने उन्हें एक दिन के लिए कस्टडी में ले लिया है।

बेटे प्रज्वल रेवन्ना के साथ एचडी रेवन्ना भी कर्नाटक स्कैंडल में आरोपी हैं। दोनों को शनिवार को दूसरा लुकआउट नोटिस भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को जब एसआईटी जांच के लिए रेवन्ना के घर पहुंची तो, रेवन्ना समर्थकों ने टीम के साथ हाथापाई की।

## कलेक्टर अजीत बसंत ने मतदान का दिया न्यौता

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा कोरबा शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 15 के निवासियों को लोकसभा चुनाव के लिए 07 मई को होने वाले मतदान का न्यौता देकर सभी को अनिवार्य मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, इसे नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वहन करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस हेतु आप सभी मतदान कर अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान से हम अपने साथ साथ अपने क्षेत्र के विकास का भविष्य तय करते है। आपका वोट बहुमूल्य है इसका उपयोग निष्पक्ष मतदान कर योग्य उम्मीदवार के चयन में कीजिए। साथ ही कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित नही रहे इसलिए अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित किया एवं उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर सहित खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित थे।

# 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

## MP-UP में तापमान 42डिग्री-आंध्र प्रदेश में 46डिग्री, रिसर्च - 2 दिन लू चले तो जान का जोखिम 14.7 प्रतिशत तक ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 7 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में दो दिन बाद लू का असर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

देश में कई शहरों में बीते कुछ दिनों से हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। इस बार हीटवेव के दिन भी अधिक हैं। एक रिसर्च में दावा किया गया है कि लगातार हीटवेव बनी रहने से जान का खतरा बढ़ जाता है। स्वीडन के इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन, नई दिल्ली के सेंटर फॉर क्रॉनिक डिसीज कंट्रोल, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिसर्च के मुताबिक, हीटवेव लगातार 2 दिन से अधिक समय तक बनी रहती है, तो मौतों में 14.7 प्रतिशत तक का इजाफा होता है।

इस रिसर्च के लिए देश के 10 शहरों में 2008 से 2019 के बीच सभी कारणों से होने वाली मौतों और सैटेलाइट से औसत तापमान का डेटा लिया गया। इससे पता चला है कि सालाना हुई करीब 1,116 मौतों का संबंध हीटवेव से था।

**हीटवेव का असर**

अर्थव्यवस्था पर- घर के बाहर काम करने के घंटे घटने से 2030 तक भारत को 20 लाख करोड़ या जीडीपी का 4.5 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है।

दिमाग पर- जटिल समस्याएं हल करने वाला हिस्सा काम बंद कर देता है। इसे हीट स्ट्रेस कहते हैं।

शरीर पर- ऐंठन, बेहोशी, थकावट, हीटस्ट्रोक, शरीर में पानी की कमी। इससे व्यक्ति की मौत तक हो सकती है।

**रिसर्च के 4 महत्वपूर्ण पॉइंट्स**

आईआईटी दिल्ली के सेंटर फॉर एटमॉस्फिरिक साइंसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब हीटवेव की चेतावनी नहीं रहती और तापमान 1 से 4 डिग्री अधिक रहता है, तब भी जान का जोखिम रहता है। इसे हीट स्ट्रेस कहा जाता है।

सेहत पर हीट स्ट्रेस का असर जानने के लिए इंडिया हीट इंडेक्स और रोज होने वाली मौतों का संबंध तलाशा गया। इसके लिए अलग मौसम वाले दिल्ली, वाराणसी और चेन्नई शहर लिए गए। शोधकर्ताओं ने हीट स्ट्रेस के प्रति संवेदनशीलता जांचने के लिए 1979-2020 तक 42 साल के मौसम संबंधी डेटा का इस्तेमाल किया।

42 साल के डेटा में 90 पर्सेंटाइल से अधिक वाली स्थिति को 'गर्म दिन' और 25 पर्सेंटाइल से कम वाली स्थिति को 'आरामदायक' माना गया। रिसर्च में पाया गया कि आरामदायक दिनों के मुकाबले गर्म दिनों के दौरान मौत का जोखिम वाराणसी में 8.1प्रतिशत , चेन्नई में 8.0प्रतिशत और दिल्ली में 5.9 प्रतिशत अधिक था।

सेंटर के रिसर्चर सागनिक डे के मुताबिक, जिस तरह स्मोकिंग से कैंसर या हृदय रोग होते हैं, जिनसे व्यक्ति की मौत हो जाती है। उसी तरह हीट भी जोखिम का कारण है, जिससे ऐसी बीमारियां होती हैं जो मौत का कारण बनती हैं। डे के मुताबिक, अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत कर इससे होने वाली मौतों से बचा जा सकता है।


LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?

एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं

नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।

सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)

कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र

प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा

मो.नं.-90987-52955, 99262-57886


## कश्मीर में आतंकी हमला एक जवान शहीद, 4 घायल

**पुंछ में सुरक्षाबलों के 2 वाहनों पर फायरिंग हुई थी**

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार शाम (4 मई) एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया। हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। एक अन्य जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं। सेना के सूत्रों के मुताबिक, घटना वाले इलाके में एयरफोर्स की गरुड़ स्पेशल फोर्स को तैनात किया गया है। आर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी मौके पर मौजूद हैं। इलाके को घेर लिया गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

## 18 हजार जगमगाते दीपों से दिया मतदान का संदेश



**बिलासपुर, एजेंसी।**

बिलासपुर शहर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने शनिवार शाम हैप्पी स्ट्रीट में दीपदान संग मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 18 हजार दीपों की श्रृंखला से हैप्पी स्ट्रीट जगमगा उठा। दीपों से चुनाव का पर्व देश का गर्व और शत-प्रतिशत मतदान जैसी आकृति बनाई गई। श्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहरवासी उत्साह और खुशी के साथ शामिल हुए।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान को लेकर स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में हर वर्ग अपनी प्रभावी सहभागिता निभा रहा है। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने इस पूरे आयोजन के लिए श्रम विभाग, एनएसएस, और अन्य लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाना है। घर-घर दस्तक देकर हर एक मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से मतदान करने की अपील की। वहीं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए।


र्यूमीकैप (RHEUMICAP)

र्यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौन, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलतास आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दों व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध


सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945



# सब झन ल जय-जोहार



## मोदी की गारंटी
## विष्णु का सुशासन
## सरोज का संकल्प

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है, वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत नई ऊंचाईयों को छूने को तैयार है, एक विकसित भारत बनने को तैयार है

- 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला
- भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक 5500/- प्रति मानक बोरा
- महतारी वंदन योजना प्रतिमाह 1000/-
- पीएम किसान सम्मान निधि प्रतिवर्ष 6000/-
- सौभाग्य योजना से 100% घरों में बिजली पहुंचाई

कोरबा लोकसभा क्षेत्र (भरतपुर सोनहत, मनेंद्रगढ़, बैकुंठपुर, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली तानाखार, मरवाही)

## संकल्प पत्र

- विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय फार्मेसी कॉलेज आयुष एम्स, मेडिकल कॉलेज आई.टी.आई. कॉलेज खोलवाना एवं सभी क्षेत्रों में चलित चिकित्सालयों की व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी।
- गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण फ्लाई ओवर और अंडर पास बनाकर सड़कों के जाम लगने की समस्या से निजात दिलाना।
- प्रत्येक पंचायत में 25 लाख की लागत का सामुदायिक भवन निर्माण ।
- चिरमिरी क्षेत्र को औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जायेगा।
- विश्व स्तरीय एयरपोर्ट और रेल्वे का विस्तारीकरण एवं लोकसभा क्षेत्र को मुख्य रेलमार्ग से जोड़ना।
- बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाना और 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना।
- कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क बनाया जायेगा।
- पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरों में बिजली बिल शुन्य कराया जायेगा।
- सभी झुग्गीवासीयों को पक्का मकान दिया जायेगा।
- प्रदूषण एवं राखड़ की समस्या पर रोकथाम।
- उत्कृष्ट खेल मैदान, सुन्दर बगीचों एवं विद्युतीकरण के साथ सभी नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण।
- क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार एवं पर्यटक स्थल में विकसित करना।
- मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, भरतपुर - सोनहत मे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जायेगा।
- महिला स्व सहायता समूह को मजबूत करना एवं घरेलु उत्पादन निर्मीत करने हेतु सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना।
- प्रत्येक घर में नल कनेक्शन द्वारा स्वच्छ जल की उचित व्यवस्था कराना।
- मातिन दाई , तुमान दाई, माँ मड़वारानी, चैतुरगढ़ बुका जैसे सभी स्थलों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप में विकसित किया जायेगा।

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास

### आपका एक वोट भारत को सशक्त बनाएगा
### क्षेत्र का विकास होगा चार गुना

भाजपा प्रत्याशी **सरोज पाण्डेय**

को कोरबा लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास एवं मोदी सरकार के लिए भारतीय जनता पार्टी के

**कमल छाप का 3 नंबर**

का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं

| क्र. | प्रत्याशी का नाम | चिन्ह | BALLOT UNIT |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | सरोज पाण्डेय | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |

कमल का बटन दबायें (मतदान दिनांक 07 मई, दिन - मंगलवार को सुबह: 07 बजे से शाम 06 बजे तक) विकसित भारत बनायें



### मजबूत अर्थव्यवस्था

- 2022-23 में कुल निर्यात 776 **बिलियन डॉलर** के साथ सबसे उच्च स्तर पर
- 2014-23 के दौरान 596 अरब डालर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
- 7 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री
- दुनिया का सबसे बड़ा टैक्स रिफार्म जीएसटी लाए
- एनपीए और आर्थिक अपराधों में तेज गिरावट रु. 10.16 लाख करोड़ से अधिक ऋण की प्राप्ति

### डिजिटल अर्थव्यवस्था

- भारत डिजिटल लेन देन में विश्व में नंबर एक
- यूपीआई और रुपे- दुनिया की सबसे सफल डिजिटल पेमेंट सिस्टम बनी
- डिजिटल लेनदेन 2017-18 में 2,071 करोड़ से बढ़कर 2022- 23 में 13,462 करोड़ हुआ
- कोरोना में रु. 27 लाख करोड़ के विशेष आर्थिक और व्यापक पैकेज की घोषणा
- स्टार्ट अप इंडिया भारत में 347 बिलियन अमरीकी डालर के 100 से अधिक यूनिकॉर्न

### अंत्योदय का मूलमंत्र

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का मकान
- स्वच्छ भारत से हुआ 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण
- प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए की सहायता
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए
- पीएम स्वनिधि योजना से 78 लाख रेहडी पटरी वाले हुए सशक्त

### ग्रामीण विकास

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कुल 3,44,082 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया
- दीनदयाल उपाध्यक्ष ग्रामीण कौशलय योजना के अंतर्गत 16,10,119 युवाओं को प्रशिक्षित कर 9,95,373 युवाओं को रोजगार दिया गया।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविकास मिशन के तहत मोदी सरकार ने 10 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वरोजगार हेतु संगठित किया
- स्वयं सहायता के माध्यम से 3 करोड़ के लक्ष्य के साथ एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर एक नया इतिहास रचा।

### बुनियादी ढांचे का विकास

- देश की विद्युत उत्पादन क्षमता 248, 554 मेगावाट से 70% बढ़कर 425, 536 मेगावट हुई
- मेट्रो सुविधाओं का विस्तार, 5 से बढ़ाकर 20 शहरों तक किया
- हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 74 से हुई 149
- अब तक 80 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू, वर्ष 2047 तक 4,500 और वंदे भारत ट्रेनें जोड़ने का लक्ष्य
- 7 IIT, 16 IIIT, 7 IIM, 15 AIIMS और 390 विश्वविद्यालय के साथ उच्च शिक्षा में विस्तार
- 2014 के बाद से 37 किमी प्रति दिन हाईवे निर्माण (2013 में 12 किमी प्रति दिन से होता था)

### लघु उद्योगों का विकास

- रु. 1.97 लाख करोड़ की लागत से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव योजना की शुरुआत, जिसके अंतर्गत 7 क्षेत्रों में 176 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को लाभार्थी के रूप में चुना गया है।
- मुद्रा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत 27 करोड़ से अधिक महिलाओं को 68' ऋण प्रदान किये गए।

### स्वस्थ भारत

- विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत के तहत 37 करोड़ से लाभार्थियों को कवरेज
- मिशन इंद्रधनुष से 5.05 करोड़ शिशु व 1.25 करोड़ माताओं का टीकाकरण
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 50% अनुसूचित जनजाति की आबादी वो 36,428 गावों को रु. 2,205.20 करोड़ का आवंटन किया गया।

### सांस्कृतिक कायाकल्प

- काशी विश्वनाथ कारिडोर का उद्घाटन किया गया, जिससे घरेलू पर्यटकों की संख्या में 10 गुना बढ़ी
- उत्तराखण्ड चारधाम महामार्ग विकास परियोजना
- उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया
- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने से आदिवासी समुदाय को सम्मान मिला।
- कश्मीर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शारदा मंदिर का उद्घाटन
- कंबोडिया में हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार

### विज्ञान व अनुसंधान

- डिजिटल इंडिया से बदल रहा है भारत का स्वरूप, घर-घर में हो रहा इंटरनेट से शिक्षा और रोजगार का सृजन
- बहुत ही कम समय में 2 मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन का निर्माण
- कोविन प्लेटफार्म के माध्यम से वैक्सीन वितरण में समानता और पहुंच आसान हुई।

कोविड-19 के दौरान विशाल टीकाकरण अभियान चलाकर मोदी सरकार ने भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को अभूतपूर्व ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। पिछले दशक में दवाइयों की उपलब्धता, बुनियादी सुविधा की पहुंच और बेहतर इलाज की व्यवस्था से स्वास्थ्य मानकों का स्तर ऊंचा हुआ।

# कटघोरा में शाह की गर्जना सुनने जनसभा में उमड़ा अथाह जन-सैलाब तपती धूप की फिक्र छोड़ वहीं खड़े रहे लोग, गदगद हुए केंद्रीय गृहमंत्री

**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज की जीत के लिए स्टार प्रचारकों ने कोरबा में जमकर प्रचार किया। कटघोरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गरजे और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 10 साल में भारत की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली और भारत की धाक विश्व में जमी। अमित शाह जैसे ही कटघोरा के मेला ग्राउंड पहुंचे, उनकी एक झलक पाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर आए शाह को सुनने अथाह जन सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर जो रौनक नजर आई, उसे देख गृहमंत्री गदगद भी हो गए। विशेष तौर पर श्रमिक दिवस पर कटघोरा में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी के प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो को दी गई थी। उनकी अथक मेहनत के बूते भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में जो वातावरण निर्मित हुआ, उसे देखकर आयोजन की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। आलम यह रहा कि तपती धूप और गर्मी की परवाह किए बगैर लोग वहीं खड़े पूरे वक्त डटे रहे।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के लिए कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन और भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो ने पूरी ताकत झोंक दी थी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव मैदान में सबसे दमदार शक्ति बनकर उभर कर सामने आई सरोज पांडेय के लिए बुधवार को कटघोरा की जन सभा में अमित शाह भाजपा के विजयरथ का शंखनाद करते दिखाई दिए। केंद्रीय गृहमंत्री की गर्जना कटघोरा के मेला ग्राउंड में गूंजती रही। श्रमिक दिवस पर विशेष रूप से आयोजित इस सभा की सफलता को भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को जीत की राह में अनंतिम कील माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। जिसका श्रम दिवस पर ऐतिहासिक नगरी कटघोरा साक्षी बना। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर छाया की व्यवस्था की गई थी, पर छांव के सभी आश्रय में देखते ही देखते जगह खत्म हो गई, पर लोगों के आने का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था। नतीजा यह रहा कि चिलचिलाती धूप में भी जहां कहीं पैर रखने की जगह दिखी, लोग वहीं खड़े होकर पूरे कार्यक्रम तक डटे रहे और श्री शाह की गर्जना को सुनते रहे। मामला चूंकि केंद्रीय गृहमंत्री से जुड़ा हुआ है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक सावधानी बरती गई। प्रशासन के निर्देश पर आईजी, अपर कलेक्टर और एडिशनल एसपी स्वयं आयोजन स्थल पर निगरानी बनाए हुए थे।

## 500 साल बाद सूर्य तिलक देखने का सौभाग्य मिला

कांग्रेस को ललकारते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक देखती है। भूपेश सरकार में नक्सली बढ़े, लेकिन हमने वादा किया है कि तीन साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा मैने सरोज पांडेय से कहा था कि मैं कोरबा जरूर आउंगा, मैं भगवान राम के ननिहाल आया हूं। कांग्रेस 70 साल से रामजन्मभूमि के मसले को लटकाकर रखी थी। 22 जनवरी को हमने प्राण प्रतिष्ठा की और वह दिन भी आया जब हम भगवान राम का सूर्य तिलक होते देखा। हमने प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस को भी निमंत्रण भेजा था लेकिन वे नहीं आये, अब किस मुंह से वोट मांगने आये हो। उन्होंने कई मामलों में कांग्रेस को घेरा।

## कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति करती है






कार्यक्रम में अमित शाह के अलावा भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय गृहमंत्री विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन, वनमंत्री, केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, सहप्रभारी गोपाल साहू, प्रदेश मंत्री विकास महतो सहित कई दिग्गज उपस्थित थे।

# कोरबा-जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण सिंह भाजपा में शामिल, कहा- कांग्रेस की उपेक्षा से क्षेत्र का विकास ठप्प

## कांग्रेस को झटके पे झटका

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में लगातार कांग्रेस को झटका मिल रहा है। एक बार फिर पाली के कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। कोरबा जिले के छुरीकला में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने दौरा किया और लोगों से मेल मुलाकात कर कोरबा लोकसभा क्षेत्र में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने और देश में सक्षम नेतृत्व के लिए एक बार फिर केन्द्र में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल को जीताने की अपील की। इस जनसंपर्क में भाजपा को एक बड़ी सफलता मिली। पाली के कांग्रेस नेताओं ने यहां भाजपा में शामिल हो गए। कुंवर राजवर्धन सिंह व नरेश देंवागन के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ठाकुर सचिव जिले कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कोरबा , अंशुमन पाण्डेय अध्यक्ष युवा कांग्रेस पाली , शैलेंद्र वैष्णव ,प्रकाश दास , उदय शुक्ला , पवन सैनी , शंकर यादव , विजय नेताम , कैलाश कोराम ,राजकुमार , भागीरथी मरकाम , अश्वनी श्रीवास , नंदलाल डिक्सेना , दिलीप कुमार डिक्सेना , देवेंद्र कुमार दुबे, रामनाथ डिक्सेना , नेतराम डिक्सेना , कृष्ण कुमार ,नेतराम श्रीवास सुमित व अन्य कांग्रेस नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए ।

**सभी लोगों ने त्यागपत्र देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए**

प्रवीण सिंह ठाकुर के अग्रज नवीन सिंह ठाकुर कांग्रेस सरकार में श्रम कल्याण मंडल के सदस्य थे। प्रवीण सिंह के भाजपा प्रवेश के बाद कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। प्रवीण सिंह सहित भाजपा में जाने वाले कांग्रेस नेताओं को भाजपा



प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय, मंत्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ने भगवा गमछा पहनाकर इन्हें भाजपा में विधिवत प्रवेश दिलाया।

**प्रवीण सिंह ने कहा- भाजपा के लिए करेंगे ईमानदारी से काम**



भाजपा में प्रवेश लेने के बाद प्रवीण सिंह ने कहा कि सांसद ज्योत्सना महंत ने 5 साल कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र को पूछा तक नहीं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प हो गए और पाली तानाखार क्षेत्र फिर से उपेक्षा का शिकार हो गया। सुश्री सरोज पांडेय के सांसद बनने के बाद क्षेत्र में चारगुना विकास होगा, क्योंकि प्रदेश में विष्णु का सुशासन और केन्द्र में मोदी की गारंटी है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी तो क्षेत्र में चारगुना विकास होगा।

# कोरबा का सौभाग्य है कि सरोज जैसी योग्य प्रत्याशी मिली-मुख्यमंत्री साय



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोरबा पहुंचे और समाज के प्रमुखों के साथ आत्मीय संवाद किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र का सौभाग्य है कि क्षेत्र को सरोज पांडेय जैसी योग्य प्रत्याशी मिली। सुश्री सरोज पांडेय प्रखरवक्ता के साथ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं और कोरबा लोकसभा क्षेत्र में उनके नेतृत्व में विकास चार गुना होगा। उपेक्षित क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ेगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। होटल जश्न रिसॉर्ट में सीएम श्री ने 50 से ज्यादा समाज के प्रमुखों और विभिन्न संगठनों के साथ आत्मिय संवाद किया।

मंच पर सीएम विष्णुदेव साय, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का सभी समाज के प्रमुख जनों ने स्वागत किया। सीएम श्री साय ने सभी का अभिवादन सहर्ष स्वीकार किया। अपने सरल सहज उद्बोधन में सीएम श्री साय ने कहा की बहुत दिन से इच्छा थी, लेकिन आज कोरबा के समाज प्रमुखों से संवाद करने का अवसर मिला। जब प्रदेश अध्यक्ष था तब से मुझे इस पल का इंतजार था। आज आप सभी समाज प्रमुखों के बीच सवांद करने में खुशी हो रही है। सीएम ने कहा की 4 सीटों पर मतदान हो चुकी है, शेष सीटों पर 7 को मतदान होगा। सभी 11 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं। श्री साय लोगों से संवाद करने के बाद सभी के बीच भोजन किया और कहा यह चुनाव सशक्त राष्ट्र के लिए हो रहा है।

# सीएसईबी कर्मी रविन्द्र राजवाड़े का सेवानिवृत्ति पर किया गया सम्मान



शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ समारोह

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

करीब 40 साल तक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी डीएसपीएम में सेवा देने के बाद सुपरवाईजर (बायलर )के पद से रविन्द्र कुमार राजवाड़े गत 30 अप्रैल को सेवा निवृत्त हो गए। उनकी सेवा निवृत्ति पर सुबह डीएसपीएम में अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी और साल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया, वहीं शाम को शिवमंदिर सीएसईबी कालोनी कोरबा पूर्व स्थित पंडाल में सम्मान समारोह आयोजित कर परिजनों,शुभचिंतकों, कालोनी वासियों, समाज के वरिष्ठजनों ने सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। सम्मान समारोह में समाज के दूर दराज से भी लोग पहुंचे थे और श्री राजवाड़े को सम्मानित किये और बड़ों ने उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की। बड़ी संख्या में चहेते सम्मान समारोह में पहुंचे थे और श्री राजवाड़े ने सबका अभिवादन किया और सबका आभार जताया। मंच पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमादेवी राजवाड़े का भी सभी ने स्वागत और सम्मान किया। दोनों के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं की गई।

समाज की ओर से पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष भोजराम राजवाड़े, केन्द्रीय अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद राजवाड़े सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्य परिवार सहित पहुंचे थे।

## बीएमएस ने किया स्वागत



रविन्द्र कुमार राजवाड़े ने बड़ी ईमानदारी और कर्तव्य परायण होकर सीएसईबी को अपना 40 साल की सेवा समर्पित की और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा की। श्री राजवाड़े अपने स्वैच्छिक अवकाश का भी पूरा उपयोग न कर विद्युत उत्पादन के लिए उपयोग किया। उनकी सोच रही कि उनकी छोटी सी भूमिका से राष्ट्र का भला होगा। इसी सोच की वजह से बीएमएस के सदस्यों ने संघ की ओर से रविन्द्र कुमार राजवाड़े का सम्मान किया और उन्हें साल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामनाएं की। संघ की ओर जीपी राजवाड़े, पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर, श्याम सुंदर खुंटे सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

# सरोज ने चाय बनाकर नागरिकों को पिलाई



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

गुरुवार को मेन रोड कोरबा स्थित संत कंवर राम उद्यान में अनोखा नजारा देखने को मिला। अवसर था चाय पर चर्चा का। चुनावी चर्चा के बीच भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने खुद चाय बनाई और आम नागरिकों को पिलाई। सुश्री सरोज पांडेय गुरुवार की सुबह चाय पर चर्चा के लिए मेन रोड कोरबा स्थित संत कंवर राम उद्यान पहुंची। यहां उपस्थित आमजन मानस ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रतिदिन संत कंवर राम उद्यान में बड़ी संख्या में लोग टहलने और योगाभ्यास करने आते हैं। लोकसभा चुनाव का सबसे बड़ा पर्व हो और उस पर कोई चर्चा ना हो, यह भला कहां संभव है। ऐसे अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय का सबके बीच आना बड़े हर्ष की बात है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुरूप चाय पर चर्चा नामक इस कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने स्वयं अपने हाथों से चाय बनाकर उपस्थित गणमान्य नागरिकों को चाय पिलाई । इसी के साथ उन्होंने आमजन मानस को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया और कोरबा लोक सभा में चहुंमुखी विकास के लिए अपनी कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार, राज्य में भी भाजपा की सरकार और इस चुनाव में विजयी होने पर कोरबा लोकसभा में ट्रिपल इंजन की मदद से विकास कार्य किए जाएंगे।

# कोयलांचल पश्चिम क्षेत्र में पांच साल कोयला, डीजल, पेट्रोल एवं कबाड़ का अवैध काम चलता रहा, लेकिन सांसद ने चुप्पी साधी रखी

**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में कोयला खदानों की भरमार है। बीते पांच साल में कांग्रेस के शासनकाल में इन खदानों में कई वारदात हुए, लेकिन इसे रोकने कांग्रेस सरकार की पुलिस खामोश रही, जनप्रतिनिधि खामोश रहे। रोजाना लाखों रूपए की कोयला चोरी आम बात रही और कुसमुंडा में निवासरत बाहरी राज्यों के लोग आकर खदानों में भारी मात्रा में कोयला तस्करी में लिप्त थे। राजनीतिक संरक्षण पाने कुसमुंडा का यह गिरोह कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल होने की फिराक में था, लेकिन भाजपाइयों की जागरूकता के कारण यह गिरोह भाजपा में शामिल नहीं हो पाया। कोशिश बहुत की, लेकिन ऐसे लोगों के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा की छवि खराब होती, स्थानीय भाजपा नेताओं ने ऐसे लोगों की जानकारी भाजपा के प्रमुख लोगों को दी और ऐनवक्त पर इनका प्रवेश रूका।

गिरोह बनाकर एसईसीएल कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बुड़बुड़ आदि क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में ये लोग कोयले की तस्करी में लिप्त थे और आसपास के ग्रामीणों को साइकिल या अन्य माध्यम से चोरी कराते थे और एक जगह डंप कराकर इसकी तस्करी करते रहे।



खदानों में सिर्फ कोयला चोरी ही नहीं बल्कि बड़ी मात्रा में चारपहिया वाहनों में सुरक्षा गार्डों से या अधिकारियों से मिली भगत कर डीजल, पेट्रोल एवं अन्य कीमती सामानों की भी चोरी में संलिप्त रहे। पांच साल तक बेतहाशा चोरी होती रही, लेकिन कटघोरा विधायक रहे पुरूषोत्तम कंवर ने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया, ना ही सांसद ने इसे रोकने प्रशासन से पहल की। पांच साल भ्रष्टाचार के कारण ही पुरूषोत्तम कंवर की विधायकी को जनता ने छीन लिया। इसके अलावा प्रदेश में भूपेश सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश को लूटा गया। चाहे डीएमएफ की बात हो या फिर योजनाओं में कमीशन खोरी। भूपेश सरकार ने योजनाएं अच्छी-अच्छी निकाली और भोले-भाले ग्रामीणों को गुमराह करते रहे, क्योंकि योजनाएं धरातल पर फलीभूत नहीं हो सकी और सभी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई और प्रदेश से कांग्रेस की सरकार को जनता ने हटा दिया। कुसमुंडा, गेवरा,दीपका में चोर गिरोह सक्रिय रहा



और कई बार बड़ी-बड़ी वारदातें भी हुई। कुसमुंडा में यह गिरोह जहां रहता है, सटी हुई एसईसीएल की कालोनी भी है, जहां पर संभ्रांत परिवार रहते हैं और उनकी कार्यशैली को देखकर दहशत में जी रहे हैं। कोई इनकी शिकायत करने की कोशिश करते हैं, तो ये लोग धमकाते भी हैं, जो डर से पुलिस तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। भाजपा सरकार के आने के बाद इन्हें उम्मीद जगी है कि उनके रहवास का परिवेश बेहतर होगा।

# विधायक पटेल बोले-कांग्रेस कार्यकाल में भू स्थापित हुए बेरोजगार, सालों से लापता सांसद अब सुध लेने पहुंचे

**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कांग्रेस लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल में कोयला उत्खनन क्षेत्रों में कांग्रेस के कार्यकाल में भूमि अधिग्रहित के समय मध्य प्रदेश में व केंद्र में कांग्रेस का शासन था । गेवरा ,दीपका ,कुसमुंडा , बांकीमोंगरा खदान में सांसद दंपति के समय प्रारंभ हुआ था । वर्तमान में छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत मध्य प्रदेश शासन में मंत्री थे, उसके बाद डॉक्टर महंत जांजगीर लोकसभा क्षेत्र, जिसमें कोरबा भी शामिल था, कई बार सांसद रहे । सांसद दंपति के समय भू अधिग्रहण कर कोयला खदानें संचालित की गई । इसके पश्चात कुछ भू स्वामियों को जमीन के बदले नौकरी या मुआवजा न देकर तथा तथा अड़ंगा लगाकर भू स्थापित की फाइल दबा दी गई ,जिससे उन्हें तत्काल न्याय नहीं मिल पाया । अगर वे चाहते तो भू अर्जन के समय ही भू मालिकों कि भूमि के ऐवज में नौकरी या विस्थापन हो गया होता लेकिन कांग्रेस अपने नीति के अनुसार हर मामले को उलझा कर रखने की आदी है। जिसके परिणाम स्वरूप गेवरा ,दीपका के भू मलिक आज भू स्थापित होकर दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। यह अत्यंत दुखद और निराशाजनक है क्योंकि कांग्रेस शासन में मंत्री व सांसद रहे डॉक्टर चरण दास महंत व उनकी पत्नी सांसद ने स्वयं विस्थापित बनाने वाले के झूठे आंसू पोछ रहे हैं और गलत आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा शासन में आप भू स्थापित हुए हो जबकि वास्तविकता है कि कांग्रेस




शासन और सांसद दंपति के समय भूमि स्वामियो की समस्या का हल कर दिया गया होता तो आज भू मलिक भू स्थापित होकर दर-दर की ठोकरें न खाते । इसकी पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन कांग्रेस सरकार और सांसद दंपति के खाते में जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने एक तरफ भू स्थापित बनाया, बेरोजगार किया, वहीं दूसरी ओर उनके आंसू पोंछ कर झूठे आरोप लगा रहे हैं कि वर्तमान भाजपा केंद्र सरकार भू स्थापितों की समस्या हल नहीं कर रही है। अब समय आ गया है कि जिस कांग्रेस ने भू स्वामियों को भू स्थापित तथा बेरोजगार किया, ऐसे कांग्रेस को अपने मताधिकार से सबक सीखने का।

# महंत का परिवारवाद ले डूबी कांग्रेस को :ज्योत्सना के लिए इस बार बहुत कठिन है डगर पनघट की

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से लेकर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अस्तित्व में आने तक अधिकांश समय महंत परिवार से नेतृत्व रहा है, लेकिन परिवारवाद एवं क्षेत्र के विकास में इनकी निष्क्रियता ने इस बार कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने मजबूर कर दिया। अपनी उपेक्षा एवं क्षेत्र के विकास कार्यों के प्रति घोर लापरवाही से व्यथित हजारों दिग्गज कांग्रेसी आचार संहिता लगने और श्रीमती ज्योत्सना महंत को फिर से दोबारा कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद कांग्रेस पार्टी से अपना नाता तोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया, जिससे कांग्रेस का इस चुनाव में रीढ़ की हड्डी टूट सी गई है। डॉ. चरणदास महंत के इर्द - गिर्द मंडराने वाले तथा कथित आधा दर्जन चापलूस लोग कांग्रेस को इस चुनावी भंवर से पार निकाल ले जाएंगे, बहुत कठिन है। उल्लेखनीय है कि जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से कोरबा लोकसभा के गठन होने तक इस क्षेत्र में महंत परिवार का हमेशा दबदबा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की दिग्गज नेत्री एवं अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी स्व.करूणा शुक्ला को हरा कर कांग्रेस शासन काल में मंत्री भी बने थे, लेकिन क्षेत्र के विकास के प्रति उनका लापरवाहीपूर्ण रवैय्या कायम



रहा। लोगों को उम्मीद थी कि केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद कोरबा लोकसभा क्षेत्र में विकास की तस्वीर बदलेगी लेकिन दुर्भाग्य रहा कि यहां के लोगों को सिर्फ विकास के नाम पर झुनझुना ही पकड़ाया गया। इनके खासमखास सिपहसलारों ने पता नहीं इनके ऊपर क्या जादू टोना करवा रखा है कि ये उनसे आज तक बाहर नहीं निकल पाये हैं, इन्हीं चापलूस लोगों ने तानाखार विधानसभा एवं कटघोरा, कोरबा विधानसभा जैसे कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्र को बर्बाद करके रख दिया है। आज स्थिति यह है कि पांच वर्ष तक विधानसभा अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर विराजमान होने एवं धर्मपत्नी के सांसद होते हुए भी कोरबा जिले के मतदाता कांग्रेस से विमुख हो गए। वजह इनके तथा कथित सिपहसलारों ने इनको दिग्भ्रमित कर कांग्रेस की लुटिया डूबा दी, खासकर तानाखार में पिछले दो विधानसभा चुनाव में ऐसे नए-नए चेहरों को कांग्रेस की टिकिट दी गई, जिनका कांग्रेस संगठन से कोई सरोकार नहीं था और एक प्रत्याशी को टिकिट मिलने के एक दिन पहले जोगी कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुआ था। पांच साल तक सिर्फ धर्मान्तरण एवं सत्तामद में चूर होकर कांग्रेस को सिर्फ कमजोर करने का काम किया, कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की यहां तक की टिकिट दिलाने वाले कोरबा के चाण्क्य कहे जाने वाले नेताजी को ही किनारे कर दिया था एवं पांच साल तक लोगों के संपर्क से भी दूर रहा, नतीजन 2023 के चुनाव में इन्हीं चाण्क्य ने एक अहम भूमिका निभाई एवं एक नए चेहरे को चुनाव में उतारा, लेकिन पिछले 2018 से 2023 तक तात्कालीन विधायक ने कांग्रेस के लिए जो गड्ढा खोदा, वह कांग्रेस के लिए कब्र साबित हुआ और कांग्रेस हार गई। यहां के कांग्रेसियों के मन में यही एक मात्र पीड़ा है कि महंत जी को क्षेत्र के कर्मठ एवं योग्य कांग्रेस कार्यकर्ता टिकिट के लिए नहीं दिखते, पीड़ा यह भी है कि श्री महंत जी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत को 2019 से लोकसभा चुनाव में टिकिट दिलाया और सांसद भी बनाया। इनका पुत्र सूरज महंत पिछले दो वर्षों से क्षेत्र की राजनीति में अपनी सक्रियता प्रदर्शित कर रहा है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि आने वाले समय में श्री महंत अपने पुत्र को भी किसी भी विधानसभा सीट में टिकिट दिलाकर विधायक बनाने का काम करेंगे। परिणाम स्वरूप कांग्रेस के जो सक्रिय एवं योग्य कार्यकर्ता है, जिनमें विधायक एवं सांसद बनने के सभी गुण मौजूद हैं लेकिन परिवारवाद के कारण उनका मनोबल टूट रहा है, जिससे कांग्रेस के प्रति लोगों का मोह भंग होने लगा है। यही वजह है कि लोग भारी संख्या में इस लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी छोड़ चुके हैं और छोड़ने का सिलसिला जारी है। कांग्रेस की राजनीति के जानकारी रखने वाले लोगों की मानें तो महंत जी यदि विधानसभा चुनाव के दौरान टिकिट वितरण के मामले में यदि ईमानदारी दिखाते तो आज ज्योत्सना महंत को लोकसभा चुनाव में इतनी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि कटघोरा विधानसभा से स्पष्ट था कि पुरूषोत्तम कंवर चुनाव नहीं जितने वाले हैं, इसी तरह पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र से भी दुलेश्वरी सिदार भी काफी कमजोर प्रत्याशी मानी जा रही थी एवं चुनाव जीतने में संशय था लेकिन महंत जी ने लोगों की एक न सुनी एवं अयोग्य एवं बिना जनाधार वाले प्रत्याशियों को टिकिट देकर कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले कटघोरा एवं तानाखार को पराजय के मुंह में ढकेल दिया। महंत जी चाहते तो आज इन दोनों सीट पर कांग्रेस का कब्जा होता और लोकसभा चुनाव में उन्हें इतनी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता और कांग्रेसी कार्यकर्ता नाराज भी नहीं होते और ना ही पार्टी छोड़ते। कहने वाले तो यहां भी कहते हैं कि हार के पीछे भी कहीं न कहीं महंत जी ही कारण है क्योंकि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल के बीच मतभेद खत्म करने में श्री महंत ने अपनी भूमिका का निर्वहन नहीं किया। वरना कोई वजह नहीं था कि कोरबा से जयसिंह अग्रवाल विधानसभा चुनाव हारते। मरवाही विधानसभा क्षेत्र में भी योग्य प्रत्याशी को टिकिट देने में महंत जी ने भूमिका नहीं निभाई और लोगों के विरोध के बावजूद दोबारा वहां के विधायक केके ध्रुव को टिकिट दिलवा दी। जबकि वहां से गुलाब राज ऐसे प्रत्याशी के रूप में सामने थे जो आसानी से चुनाव जीत कर कांग्रेस की झोली में डाल सकते थे, लेकिन महंत जी यहां भी अपनी अदूरदर्शिता के कारण फेल रहे एवं कांग्रेस एवं जोगी के इस गढ़ में इस बार भोजपा सेंध लगाने में सफल हो गई और कांग्रेस का मजबूत किला ढह गया।

भाजपा ने इस बार अपने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तेजतर्रार प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय को कोरबा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार कर कांग्रेस की परेशानी बढ़ा दी है। सुश्री सरोज पांडेय को लोग विकास विरांगना के नाम से भी जानते हैं। दुर्ग की महापौर , विधायक, सांसद रहते हुए उन्होंने जिस तरह से वहां विकास की गंगा प्रवाहित की है, उससे कोरबा के लोगों को उम्मीद जगी है कि सरोज पांडेय के सांसद बनने के बाद कोरबा लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा का पूरजोर विकास होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान देखा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में गजब का माहौल है। सभी समाज के लोग अपना समर्थन सरोज पांडेय को दे रहे हैं, यहां तक की ईसाई धर्म के पास्टर, फादर एवं अनुयायियों ने भी बैठक कर सरोज पांडेय के पक्ष में प्रस्ताव पास कर अपना आशीर्वाद दिये हैं। यहूदी समाज महंत से इसलिए नाराज हैं कि इन्हीं की वजह से उनके समाज के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा की टिकिट पाली-तानाखार से काटी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि डॉ. चरणदास महंत अपने परिवारवाद से उबर नहीं पा रहे हैं। परिवार का मोह कांग्रेस को ले डूब रही है, अर्थात लोग यह मान रहे है कि इस लोकसभा चुनाव में महंत परिवार के लिए पनघट की डगर बहुत कठिन है।

### जनता ताकती रही और पांच साल बीत गए

## सांसद ज्योत्सना की ऐसी लापरवाही कि प्रदेश में सरकार रहते हुए भी 11.28 करोड़ लेप्स

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भाजपा नेताओं ने सीटिंग एमपी श्रीमती ज्योत्सना महंत को लापता सांसद का तमगा पहना दिया है। कुछ खोजकर -कुछ पूछकर भाजपाइयों ने श्रीमती महंत को यह तमगा दिया है, जो कुछ बातों को लेकर यह तमगा हकीकत में शत प्रतिशत सटिक बैठता है। प्रदेश में बीते पांच साल में कांग्रेस की सरकार थी, कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सांसद होने के बाद भी क्षेत्र में जो उनके अधिकार क्षेत्र में था, उन्हें भी पूरा नहीं कर सकी। कोरबा लोकसभा क्षेत्र खासकर पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लोग पांच साल तक सांसद की राह ताकते रहे, अपेक्षा थी कि क्षेत्र में और प्रदेश में कांग्रेस के प्रतिनिधि हैं, तो विकास भी तेजी से होगा और मूलभूत समस्याएं दूर होंगी। केन्द्र सरकार ने सभी सांसदों के लिए सांसद निधि का प्रावधान किया है, ताकि छोटी-छोटी समस्याओं को दूर किया जा सके और सांसद निधि से ही क्षेत्र में अपनी पहचान बेहतर प्रतिनिधि के रूप में कर सकें, लेकिन इसे दुर्भाग्य न कहें तो क्या कहें। पाली तानाखान विधानसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव में श्रीमती ज्योत्सना महंत को अपेक्षा से ज्यादा क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद और समर्थन दिया लेकिन यहां की जनता फिर ठगी गई। सांसद की लापरवाही से क्षेत्र में विकासकार्य होना था, लेकिन 11.28 करोड़ लेप्स हो गए। जनता को उनका अधिकार से वंचित रहने का खामियाजा इस बार सांसद को भुगतना पड़ सकता है। ज्योत्सना महंत ने कोरबा जिले के तीन ग्रामों को गोद लिया था, जिसमें रामपुर क्षेत्र के भैसमा ग्राम, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढुरेना एवं पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलके को भी गोद लिया था, लेकिन तीनों गांवों में मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां की जनता सांसद की राह ताकती रही। तीनों गांव मॉडल बनने के इंतजार में पांच साल बीता दिया लेकिन सांसद की निष्क्रियता से यहां मूलभूत समस्याएं भी हल नहीं हो पायी। जल्के के सरपंच मंगल सिंह ने बताया कि बस्ती से मुख्यमार्ग तक सीसी रोड की मांग की गई थी लेकिन वह भी पूरी नहीं हो पायी। शिक्षा के नाम पर कुछ नहीं हुआ और गांव के मीडिल स्कूल भवन की हालत जर्जर हो चुकी है और बच्चे यहां बैठने से डरते हैं। इसके अलावा ढुरेना भू विस्थापित क्षेत्र होने के कारण यहां पानी की गंभीर समस्या है लेकिन पांच साल में सांसद ने इसकी कोई पहल नहीं की। अंतिम साल में सांसद निधि की पूरी राशि ही लेप्स हो गई और सांसद सोती रही।

## कोरबा के डीएमएफ के हजारों करोड़ का बंदरबाट 600 करोड़ सिर्फ कमीशन खा गए कांग्रेसी

### सरोज पांडेय का आरोप: सांसद ज्योत्सना महंत की चुप्पी संदेहास्पद

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कुछ माह पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कोरबा के डीएमएफ के हजारों करोड़ रूपए के बंदरबाट का खुलासा किया था और प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दावा किया था कि कोरबा के डीएमएफ का दुरूपयोग इस कदर हुआ कि 600 करोड़ सिर्फ कांग्रेसी और अधिकारी खा गए।

केन्द्र की मोदी सरकार ने खदान प्रभावित क्षेत्रों के विकास, बुनियादी सुविधाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा पर बेहतर काम के लिए हर जिलों में जिला खनिज न्यास निधि की स्थापना की थी। कोरबा जिला में कम से कम प्रतिवर्ष 750 करोड़ से अधिक डीएमएफ में आता है और इस तरह पांच साल में कोरबा की खनिज न्याय निधि करीब 3750 करोड़ आता है, जिसमें से 60 प्रतिशत राशि कोरबा जिले में ही खर्च करनी रहती है, लेकिन बीते पांच साल में कांग्रेस के शासन काल में डीएमएफ की लूट इस कदर मची कि अधिकारी और कुछ कांग्रेस नेता मालामाल हो गए। कोरबा की तात्कालीन कलेक्टर एवं कुछ अधिकारियों को ईडी ने गिरफ्तार भी किया और वे जेल में अब तक बंद हैं। डीएमएफ एवं मनीलांड्रिंग केस में कई कांग्रेस विधायकों एवं नेताओं का नाम भी आया और कुछ जेल में हैं और कई ईडी के राडार में है। कोरबा में ही इतना बड़ा घोटाला कभी सामने नहीं आया और कोरबा की राशि का ऐसा बंदरबाट हुआ कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाएं लोगों को मिली नहीं, ना ही भू विस्थापित क्षेत्रों में कुछ काम हुआ। कई मामले ऐसे भी आये जिसमें काम भी नहीं हुआ और करोड़ों का बंदरबाट भी हो गया। एक आरटीआई कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी, जिसमें करोड़ों रूपए की फाईल गायब होने की जानकारी मिली। इस मामले में तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चीख-चीखकर बोलते रहे कि मोदी ईडी, ईओडब्ल्यू, आईटी, सीबीआई का डर दिखा कर कांग्रेस सरकार को भंग करना चाहते हैं, लेकिन खुलासा होने के बाद कांग्रेसी बगले झांकने लगे और जनता ने भी अपना फैसला सुना दिया और छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ियों की हितैषी बताने वाली भूपेश सरकार को उखाड़ फेंका। कांग्रेस के चुनाव हारने के बाद तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी बोलती बंद हो गई और अब लोकसभा चुनाव में भाजपा इसे मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ रही है। सरोज पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप भी लगाया कि यदि सांसद पाकसाफ हैं तो इस मामले में बयान क्यों नहीं देतीं ? उनकी चुप्पी कई संदेहों को जन्म दे रही है। सरोज पांडेय इसे भी मुद्दा बनाकर जनता को आश्वस्त कर रही हैं कि जनता के एक-एक पैसे का हकदार सिर्फ जनता है। उन्होंने मोदी सरकार की गारंटी को गारंटी पूरी होने की गारंटी बताया और कहा कि विष्णु के सुशासन में योजनाओं में पारदर्शिता है और जनता का एक-एक पैसा सीधा उनके खाते में जा रहा है। उन्होंने वादा भी किया है कि बीते पांच साल में जनता के हजारों करोड़ का हिसाब भ्रष्टाचारियों को देना ही होगा। उन्होंने कहा कि कुछ जेल में है और कुछ बेल में हैं और जो बचे हैं वे भी जेल की हवा खाएंगे। उन्होंने कहा कि कोरबा में डीएमएफ से अधिकांश समस्याएं हल हो सकती थीं, लेकिन तात्कालीन कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार ने जनता एवं भू विस्थापितों का हक छीना और विकास कार्य के नाम पर सिर्फ लूट ही नहीं बल्कि प्रदेश के खजाने में डकैती भी डाली। जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को रास्ता दिखा दिया, लोकसभा चुनाव में भी निष्क्रिय एवं लापता सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को हमेशा के लिए क्षेत्र से लापता कर देगी। भाजपा जो कहती है, उससे बढ़कर करती है। आज जनता मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर विश्वास करती है और मैं आश्वस्त हूं कि कोरबा की बेटी बनकर आयी सरोज पांडेय को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में जब ट्रिपल इंजन काम करेगा तो क्षेत्र का विकास चारगुना बढ़ेगा और विकास की किरण अंतिम छोर तक पहुंचेगी।

### सरोज पांडेय के आरोपों का सांसद के पास जवाब नहीं

सरोज पांडेय ने कोरबा के डीएमएफ के हजारों करोड़ों के गड़बड़झाले में सांसद की चुप्पी पर तंज कसा है और कहा है कि सांसद ने भी माना है कि डीएमएफ में अधिकारियों ने गड़बड़ी की है, लेकिन सांसद पर भी सरोज पांडेय ने आरो लगाया है कि सांसद इस मामले में अपनी चुप्पी क्यों नहीं तोड़ती। सांसद के पास इसका जवाब ही नहीं है और अब तक सरोज पांडेय के आरोपों का सांसद ने प्रतिक्रिया नहीं दी है।



## सांसद ज्योत्सना के गोद ग्राम अपनी बदहाली पर सिसक रहे

**सांसद को मदद के लिए पांच साल ढूंढ़ते रह गए लोग, फोटो खिंचवाकर गायब हो गई सांसद**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

केन्द्र शासन की महती योजनाओं में से एक सांसद गोद ग्राम-आदर्श ग्राम योजना इस पंचवर्षीय धरातल पर पूरी होती नजर नहीं आयी। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने इन पांच सालों में तीन ग्रामों को आदर्श बनाने का बीड़ा उठाया था, लेकिन आदर्श बनाना तो दूर मूलभूत सुविधाएं भी वहां पहुंचाने में कामयाब नहीं दिखी। ये तीनों ग्राम पंचायतें अपनी बदहाली पर सिसक रहे हैं। फोटो खिंचाकर सांसद गायब हो गई और कभी पीछे मुड़कर भी पंचायतों में नहीं गई और ना ही उनके पांव पड़े। अभी अखबारों में आदर्श ग्राम भैसमा का ही जिक्र आ रहा है लेकिन कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता को इस बात का भान नहीं है कि कोरबा जिले की तीन पंचायतों को सांसद ने गोद लिया था, लेकिन तीनों ही पंचायतों में बदहाली दिख रही है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने सांसद ग्राम योजना से कुछ गांवों को सुविधा संपन्न बनाने सांसदों को जिम्मेदारी दी थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि कोरबा सांसद ज्योत्सना के चरण उधर घुमी ही नहीं, जहां पर जनता पांच साल तक उनकी राह ताकती रही। अपेक्षा थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और सांसद भी कांग्रेस की है तो इन गोद ग्रामों को आदर्श बनाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन इसे दुर्भाग्य ही समझें कि जनता पांच साल तक सांसद के आने की राह देखती रही, लेकिन सत्ता मोह में सांसद के मन से जनता गायब हो गई। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जल्के को भी सांसद ने आदर्श ग्राम बनाने का बीड़ा उठाया था और यहां अपेक्षा थी कि सांसद इस गांव को सुविधा संपन्न बनाएंगी। पाली-तानाखार की जनता ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया था। भैसमा में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। ढुरेना में तो पानी के लिए हाहाकार मचा है।

## पांच साल तक भूविस्थापितों को पूछा तक नहीं, नाराज भू विस्थापितों ने सांसद का किया पुतला दहन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

आचार संहिता लगने के कुछ दिन पहले क्षेत्र से लापता सांसद और पांच साल तक भू विस्थापितों की सुध न लेने और समस्या हल करने में निष्क्रिय सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का भूविस्थापितों ने गत 09 मार्च 2024 को पुतला दहन किया था। इन भू विस्थापितों का कहना है कि पांच सालों में कोरबावासियों तथा आमलोगों और कोयला खदान संबंधित प्रभावित क्षेत्रों तथा रोजगार, पर्यावरण, शिक्षा, जल तथा अन्य प्राथमिक समस्याओं से संबंधित जटिल समस्याओं को सांसद ने अनदेखा किया। कांग्रेस के शासनकाल में पांच साल तक भू विस्थापित स्वयं का अधिकार पाने के लिए लगभग रोजाना धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करते रहे, लेकिन सांसद ज्योत्सना महंत ने कभी भी इन्हें समर्थन देने नहीं पहुंची और ना ही उनकी समस्याओं को हल करने की गंभीरता दिखाई। सांसद की उपेक्षा से त्रस्त भू विस्थापितों ने 09 मार्च को उनका पुतला दहन किया। इसके अलावा तात्कालीन विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने भी उनकी सुध नहीं ली और उनका भी पुतला दहन किया गया था।

भू विस्थापित उपेक्षा के शिकार होते रहे और उनका कहना है कि पांच साल गायब होने के बाद अब भू विस्थापितों की सुध लेने की नौबत आ गई है, क्योंकि फिर से उन्हें चुनाव लड़ना है लेकिन इस बार उनकी दाल गलने वाली नहीं। हम बार-बार बेवकूफ नहीं बन ने वाले और हम अब गुमराह भी नहीं होंगे। हमें अच्छे और बूरे का ख्याल है।

**भू विस्थापितों में भारी आक्रोश**

पांच साल कांग्रेस का शासन था, क्षेत्र में कांग्रेस की सांसद रही, क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक रहा, लेकिन कभी भी इनके द्वारा भू विस्थापितों की समस्या हल करने की गंभीरता नहीं दिखाई गई। पिछले 40 सालों से अपने अधिकार के लिए भू विस्थापित लड़ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस सरकार और सांसद कभी भी हमारा हाल जानने नहीं पहुंचे और अब चुनाव नजदीक है, ऐसे में सांसद फिर से हमें गुमराह करने हमारे बीच पहुंच रही है लेकिन अब भू विस्थापित जान चुके हैं और गुमराह होने वाले नहीं।



## भूविस्थापितों के सम्मेलन में पहुंची सरोज पांडेय, कहा- सांसद बनने के बाद समय सीमा पर होगा समस्याओं का निराकरण



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

खदान प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण चार से पांच दशकों से रोजगार, मुआवजा , पुनर्वास व मूलभूत विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर भूविस्थापितों ने खदानबंदी, धरना प्रदर्शन व मुख्यालय घेराव का आंदोलन भी किया है। प्रबंधन की उदासीनता के कारण समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। इस तरह की समस्याओं से जूझ रहे खदान प्रभावितों के बीच भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पहुंची। उन्होंने भूविस्थापितों की समस्याओं को सुना और समस्या का निराकरण का आश्वासन दिया। कायेलांचल अंतर्गत ग्राम ढुरेना में गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा क्षेत्र के खदान प्रभावितों का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें सुश्री सरोज पांडेय भी पहुंची। उन्होंने कहा कि दशकों से आखिल रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों से आखिर रोजगार, मुआवजा पुनर्वास संबंधी समस्याओं का निराकरण क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने भूविस्थापितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुराने प्रतिनिधि ने आपका जो काम नहीं किया सांसद बनने पर उस काम को समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले की खदानों से बड़ी मात्रा में कोयला का उत्पादन होता है। इसके बाद भी कोरबा पिछड़े जिलों में सम्मलित है। ऊर्जानगरी का जो विकास होना चाहिए था वह विकास नहीं हुआ ।

कोरबा क्षेत्र का समुचित विकास करना है। सम्मेलन में भूविस्थापितों ने माइनिंग कालेज खोले जाने की मांग की। जिस पर सुश्री पांडेय ने कहा कि सांसद चुनकर आने पर माइनिंग कालेज जरूर खोलने प्रयास किया जाएगा। माइनिंग कालेज खुलने से यहां के बच्चों को माइनिंग की शिक्षा मिलेगी और उनके रोजगार के द्वार खुलेंगे। सम्मेलन में चारों परियोजना के निर्वाचित प्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :·divyaakash.news@gmail.com

चिलचिलाती गर्मी में उनकी भी चिंता करो एक सकोरा पानी भर इनकी भी प्यास बुझाओ...

# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार
अगर जो चाहा है, वह न मिले तो, जो मिला है उसे चाह कर देखो...।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 03 मई से 09 मई 2024



## गर्मी से बचने के लिए मतदान केंद्रों में टेंट व पानी की व्यवस्था की जाएगी

**बैकुंठपुर, (एजेंसी)।**

7 मई को कोरिया व एमसीबी जिले के तीन विस क्षेत्र भरतपुर-सोनहत, मनेंद्रगढ़ व बैकुंठपुर के 4 लाख 83 हजार मतदाता मतदान करेंगे। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया गए है। 10 संगवारी महिला मतदान केंद्र भी तैयार किया गया है। यहां महिला स्टाफ चुनाव संपन्न कराएंगी। वोटर लिस्ट में नाम है, लेकिन मतदाता पत्र नहीं मिला है, वे कोई भी पहचान पत्र अपने साथ ले जाकर मतदान कर सकते हैं। मतदान दलों को सोमवार से ही मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। इसके लिए वाहनों का अधिग्रहण भी कर लिया गया हैं। बता दें कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह ने मतदान दलों को रवाना करने से एक दिन पहले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। पीठासीन व मतदान दल में शामिल कर्मचारियों को कलेक्टर ने 6 मई को तय समय पर स्ट्रांग रूम में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिपं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम समेत अन्य मौजूद रहे। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मतदान वाले दिन 7 मई को भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दिन कोरिया समेत एमसीबी जिले का तापमान 40 डिग्री रहने की संभावना विभाग ने जताई है। भीषण गर्मी से राहत देने के लिए पहली बार निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए टेंट लगाया गया हैं। मतदान केंद्रों में छांव, पानी, शौचालय, कूलर-पंखे व विश्राम कक्ष की व्यवस्था की गई है। बैकुंठपुर ब्लॉक में 150 व सोनहत के 3 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है।

## 7 करोड़ कैश, शराब और अन्य सामान जब्त

**बिलासपुर (एजेंसी)।**

बिलासपुर संसदीय सीट के लिए वोटिंग से 48 घंटे पहले तक प्रशासन ने 7 करोड़ रुपए कैश, शराब और अन्य सामग्री जब्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार शरण ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस, आबकारी और प्रशासनिक अमले ने बड़े पैमाने पर करीब 8 हजार लीटर शराब समेत अन्य सामग्रियां जब्त कीं, ताकि चुनाव को प्रभावित न किया जा सके। निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि मतदान केंद्रों में वोटिंग कराने के लिए 9 हजार मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें सोमवार की सुबह 7 बजे से कोनी में मतदान सामग्रियों का वितरण किया जाएगा।

**मशीनों को बदलने मुख्यालय आने की नहीं पड़ेगी जरूरत**

कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने दावा किया कि ईव्हीएम में किसी भी किस्म की खराबी आने पर जिला मुख्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आयोग के निर्देशानुसार बीयू, सीयू और वीवीपैट की रिजर्व में पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

**मतदान केंद्रों का लाइव टेलीकास्ट**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान की पूरी प्रक्रिया की लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है, जिसकी मॉनिटरिंग जिला स्तर और आयोग के स्तर पर भी की जाएगी। जिले में 219 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं, जो 349 संवेदनशील मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रचार समाप्त होने के बाद कोई बड़ी सार्वजनिक सभा नहीं की जा सकेगी, लेकिन डोर टू डोर कैंपेनिंग की जा सकती है।दूसरे जिलों के वोटर्स को जिले की सीमा से बाहर ही रहना होगा, इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# तेलंगाना की तरह केंद्र में भी अपनी सरकार करेंगे स्थापित- राहुल गांधी

**निर्मल (एजेंसी)।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव दो समूहों के बीच लड़ा जा रहा है, एक तरफ संविधान की रक्षा करने वाली कांग्रेस है और दूसरी तरफ संविधान को बदलने वाला समूह है। उन्होंने निर्मल में पार्टी की जनसभा में घोषणा की कि जब उनकी सरकार सत्ता में आएगी तो वे गरीब परिवारों की पहचान करेंगे और महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये डालेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में गारंटी दी है और वे उन पर पूरी तरह अमल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर बीजेपी दोबारा सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आरक्षण रद्द कर दिया जाएगा। राहुल ने कहा कि बीजेपी का मकसद गरीबों का हक छीनकर बुजुर्गों को फायदा पहुंचाना है। वह आदिलाबाद लोकसभा क्षेत्र के निर्मल में कांग्रेस द्वारा आयोजित जनजतरा सभा में मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में सीएम रेवंत रेड्डी शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से ही देश के लोग आजादी की हवा में सांस लेते हैं और अपने अधिकार प्राप्त करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर बीजेपी दोबारा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में आती है, तो हम देश भर में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। हम भारत में गरीबों की एक सूची तैयार कर रहे हैं। हम हर गरीब परिवार से एक महिला का नाम चुनेंगे और उनके खाते में 1 लाख रुपये जमा करेंगे।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों का मतलब है जिनके पास जमीन के सभी अधिकार हैं। तेलंगाना में एक सार्वजनिक सरकार है जो लोगों के लिए सोचेगी। अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है,



तो हम बेरोजगार युवाओं को रोजगार देंगे, हम आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आय दोगुनी करेंगे।

राहुल गांधी ने किसानों की कर्जमाफी के बारे में सवाल पूछे जाने पर कहा कि कोई यह नहीं पूछ रहा कि क्या बीजेपी बुजुर्गों का कर्ज माफ करती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में 6 गारंटी लागू की जा रही हैं। अगर कांग्रेस देश में सत्ता में आती है तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे प्रत्येक महिला के बैंक खाते में 2500 रुपये जमा करेंगे और 10 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वे गरीबों को मुफ्त गैस सिलेंडर और 500 रुपये में 200 यूनिट बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे महिलाओं के लिए मुफ्त बस सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

**अंबेडकर के संविधान को फाड़ना चाहते हैं पीएम मोदी- राहुल गांधी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के गडवाल जिले में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की सूची तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को फाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आलोचना की कि मोदी डॉ. बीआर अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल ने कहा, मोदी ने दावा किया था कि वह गरीबों को अमीर बना देंगे, लेकिन उन्होंने अडाणी और अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। साथ ही कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार ने तेलंगाना के बेरोजगारों को 30 हजार नौकरियां दीं। उन्होंने कहा, राज्य में गरीबों के लिए 200 यूनिट बिजली भी मुफ्त दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसके लिए राहुल गांधी ने वादा किया कि जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो एक योजना बनाएगी ताकि बेरोजगारों को नौकरी मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना से करोड़ों युवाओं को फायदा होगा। राहुल ने केंद्र की सत्ता में आने पर रोजगार की गारंटी के तहत 400 रुपये प्रतिदिन देने का वादा किया।

## चेन्नई ने पंजाब को 28 रन से हराया

**धर्मशाला (एजेंसी)।**

आईपीएल-17 के 53 वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स ने पंजाब किंग्स को 28 रनों से हरा दिया। चेन्नई ने 167/9 का स्कोर बनाया। पंजाब की टीम 139/9 के स्कोर तक ही में सिमट गई। चेन्नई ने पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद कोई मैच जीता है।



# जयसिंह अग्रवाल ने हेलीपैड पर किया प्रियंका गांधी का स्वागत

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व पार्टी की स्टार प्रचारक श्रीमती प्रियंका गांधी, कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में विशाल आमसभा को सम्बोधित करने के लिए 2 मई को चिरमिरी स्थित एसईसीएल के खेल मैदान पहुंची। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आगमन पर पूर्व कैबीनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हेलीपैड पहुंचकर प्रियंका गांधी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष दीपक बैज व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गरीब महिलाओं को 8333 रुपए, आंगनबाड़ी वर्करों, आशा, मिड-डे-मिल कर्मियों को देंगे दोगुना मानदेय,कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी पर जनता को पूरा



**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत को जनता का व्यापक आशीर्वाद व समर्थन मिल रहा है। सांसद के पक्ष में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस के न्याय पत्र की घोषणाओं 5 न्याय और 25 गारंटी को घर-घर पहुंचाया जा रहा है। ज्योत्सना महंत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीब परिवार की महिलाओं का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए नारी न्याय महालक्ष्मी योजना में हर महिने 8333 रुपए दिया जाएगा जो गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। आधी आबादी-पूरा हक में केन्द्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देंगे। शक्ति का सम्मान करते हुए आशा, मिड-डे-मिल व आंगनबाड़ी वर्करों को दोगुना मानदेय दिया जाएगा। सावित्री बाई फुले हॉस्टल योजना में कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुने हॉस्टल बनाए जाएंगे। ज्योत्सना महंत ने कहा कि न्याय पत्र पर महिलाओं ने अपना भरोसा जताया है और इसे पसंद कर रहे हैं। पिछले 10 सालों में किसी भी प्रकार की नौकरी केंद्र सरकार के द्वारा नहीं निकाली गई है। कांग्रेस की सरकार आने पर 30 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी दी जाएगी।

## बौखलाए भाजपाई प्रशासन-पुलिस का कर रहे दुरूपयोग, विधायक थाना पहुंचीं

**जीपीएम ।**



कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी व सहज व सरल सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने आरोप लगाया है कि हार की बौखलाहट भाजपाईयों में साफ नजर आ रही है। अब भाजपा के लोग प्रशासन और पुलिस की मदद लेकर बिना सर्च वारंट और बिना कोई कारण के एमसीबी-जीपीएम व कोरबा जिला में कांग्रेस से जुड़े लोगों के घरों में तलाशी ले रहे हैं। मौके पर वीडियोग्राफी के द्वारा किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान व आचार संहिता का उल्लंघन हो, ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। सिर्फ संभावनाओं व आशंकाओं के आधार पर मतदान के दो दिन पहले इस तरह के बिना किसी सूचना और जानकारी के ही पुलिस के द्वारा कांग्रेस नेता के घर दबिश देने से आम लोगों के बीच गलत माहौल निर्मित हो रहा है तथा दूसरे कार्यकर्ता व पदाधिकारी दहशत महसूस कर रहे हैं। बिना किसी पुख्ता प्रमाण और कारण के इस प्रकार से की जा रही बेवजह की जांच कार्यवाही कहीं न कहीं सत्ता और पुलिस व प्रशासन का दुरूपयोग कही जाएगी।

ताजा घटनाक्रम में जीपीएम जिला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर में तलाशी ली गई जिससे संबंधित लोगों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित रहा। मरवाही विधानसभा के चनाडोंगरी बूथ के सेक्टर प्रभारी नारायण प्रसाद गुप्ता के यहां निर्वाचन आयोग द्वारा जांच की गई। चुनाव प्रचार एवं सामग्री उसके घर पर है। हर कोने, आलमारी की तलाशी ली गई। इस दौरान बहुएं घर पर थीं, जिससे मुझे आत्मग्लानी व बेइज्जती महसूस हुई, आहत व अपमानित हुआ हूं एवं परिवार व समाज में दहशत है। बिना सर्च वारंट व बिना किसी आदेश के घर में अवैध रूप से 21 अप्रैल 2024 को जांच करने की शिकायत नारायण प्रसाद गुप्ता ने आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर से करते हुए मांग की है कि किसकी शिकायत व किसके आदेश पर तलाशी ली गई इसकी जांच की जाए। इस घटनाक्रम को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने जीपीएम कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, प्रवक्ता विरेन्द्र सिंह बघेल, डॉ. नागेन्द्र राय, मनोज गुप्ता आदि के साथ थाना मरवाही पहुंच कर आवेदन सौंपते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

# सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर रविवार को एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हैं। घायलों में 2 लोगों की हालत गंभीर है। मामला जटगा चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, हर दिन लघु व्यवसाय करने वाले लोग कटघोरा से रावा पहाड़ जाते हैं। रविवार को भी 12 से ज्यादा लोग पिकअप से बाजार के लिए निकले। इस बीच रावा पहाड़ मोड़ के पास घाट पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। इधर हादसे में मौके पर 2 लोगों ओमप्रकाश जायसवाल और रामकुमार



की मौत हो गई। 8 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने कटघोरा के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर है।

जटगा चौकी पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। पिकअप को जब्त कर लिया गया है। घायलों का बयान दर्ज किया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# सचिन पायलट ने रजगामार में ली सभा, कहा-यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए, ज्योत्सना महंत को वोट करने की अपील

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट कोरबा प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के प्रचार-प्रसार में कोरबा क्षेत्र के रजगामार पहुँचे, जहाँ उन्होंने आम सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा – पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश व जनता के लिए किए गए कार्यों का भाजपा के पास कोई हिसाब नहीं है। सच बात तो यह है कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार हर मुद्दे पर विफल सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री महंगाई पर बात नहीं करते, बेरोजगारी पर बात नहीं करते। उन्होंने कांग्रेस की न्याय गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को जीताने की अपील की।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज,विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ,नोबल वर्मा, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, चैन सिंह सामले, महापौर राजकिशोर प्रसाद कोरबा, कोरबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के समन्वयक व वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल, राधे भुत अग्रवाल, अखिलेश चन्द्र, प्रदीप बाजपेयी, निगम सभापति श्यामसुंदर सोनी सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।



# एसईसीएल मुख्यालय के 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी



**बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

गत 30.04.2024 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त हुए 11 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में केडी साहू महाप्रबंधक क्यूसी विभाग, वी. आनंद कृष्णा प्रबंधक (सचिवीय) अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सचिवालय, उमेंद सिंह मुख्य प्रबंधक (माइनिंग) भू राजस्व विभाग,सुनील किशोर प्रसाद वरिष्ट वैयक्तिक सहायक क्यूसी विभाग, सुदेश कुमार पाण्डेय सीनीयर डीईओ एचआरडी विभाग, प्रशांत देव अधिशाषी अभियंता सिविल विभाग,अनूप कुमार शर्मा सुपरवाईजर (टेलीकाम) ईएंडटी विभाग, श्रीमती प्रतिभा सिंह वरीय लिपिक सामग्री प्रबंधन विभाग, प्रवीण कुमार मसीह असिस्टेंट सुपरवाइजर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सचिवालय, विनोद कुमार यादव असिस्टेंट सुपरवाइजर कार्मिक प्रशासन विभाग, सानु फ्रेंकलिन ड्राइवर कम मेकेनिक उत्पादन विभाग की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के इस मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने ज्ञान व अनुभव से सदैव कम्पनी को लाभान्वित किया तथा अपने कार्यस्थल में स्वस्थ्य एवं निष्पक्ष कार्यदशाएँ कायम कर आपसी सामंजस्य एवं सहयोग से कार्य सम्पादित किया। अंत में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों .कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं । कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने निभाया।

सांसद फूलो देवी नेताम की पत्रकारवार्ता, कहा-

# सरोज पांडेय ने सदन में कभी नहीं उठाया कोरबा का मुद्दा

## कहा- मोदी सरकार के कार्यकाल में बेतहाशा बढ़ी महंगाई




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कांग्रेस ने अपना न्याय पत्र की घोषणा की है, जिसमें पांच न्याय शामिल किए गए हैं। युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल हैं। इसके आने के बाद से भाजपा बौखला गई है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद व छत्तीसगगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि युवा न्याय में हर शिक्षित युवा को 1 लाख की अप्रेंटिस का अधिकार, पक्की नौकरी, 30 लाख सरकार नौकरी, पेपर लीक से मुक्ति, गिग वर्कर सुरक्षा व युवा रोशनी शामिल है। नारी न्याय में महालक्ष्मी अंतर्गत हर गरीब परिवार की महिला को हर साल में एक लाख रूपये केन्द्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण, सावित्रि बाई फुले हॉस्टल कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुने होंगे। उन्होंने कहा कि 10 साल के मोदी राज्य में महंगाई बढ़ी है। डीजल, पेट्रोल से लेकर हर जरूरत के सामान में जीएसटी लगा हुआ है। भाजपा जातिवाद को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है। इनके नेता आपस में लड़ाने की बात कह रहे हैं। 10 साल के कार्यकाल में कालाधन वापस लाने खातों में 15-15 लाख रूपये जमा करने व 2 करोड़ रोजगार का वादा किया था। जिसे पूरा नहीं किया गया। पूछने पर कहते हैं यह तो चुनावी जुमला था। कांग्रेस के पास महंगाई कम करने का क्या फार्मूला है के सवाल पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने उद्योगपति साथियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर सकती है तो क्या गरीबों के लिए कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का हमेशा सम्मान हुआ है। पहली महिला राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस ने ही बनाए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछले चुनाव में जब छग आए तो उन्होंने कहा था कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होगी, किसानों का कर्ज माफ और बिजली बिल हॉफ का वादा किया था। प्रदेश में भूपेश सरकार बनते ही इन वादों को निभाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपाई कुछ भी आरोप लगाते हैं। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों का मान बढ़ाया है। वही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि खुद पार्टी के ही नेता सरोज के पीछे पड़े हैं। उन्हें दुर्ग से लड़ाने के बजाए कोरबा भेज दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सांसद होने के नाते सरोज पाण्डेय ने सदन में कभी भी कोरबा का मुद्दा नहीं उठाया।

## स्व. रमेश पासवान की स्मृति में लगा रक्तदान शिविर, 30 लोगों ने किया रक्तदान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत आज शनिवार 27 अप्रैल को ट्रांसपोर्टनगर स्थित तिलक भवन में वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केसरी शामिल हुए। प्रेस क्लब परिवार की ओर से सचिव श्री दिनेश राज, कोषाध्यक्ष रंजन प्रसाद व स्व. रमेश पासवान के भाई रामप्रसाद पासवन ने गुलाब का फुल भेंट करके उनका स्वागत किया। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने दीप प्रज्वलन के साथ ही स्वर्गीय रमेश पासवान जी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कोरबा के ब्लड सेंटर के सहयोग से लगे उक्त शिविर में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ ही स्व. रमेश पासवान जी के परिजन व आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे। जिसमें 30 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने महादान किया। शिविर के समापन के मौके पर क्लब परिवार ने सभी रक्तदाताओं का रक्तदान शिविर को सफल बनाने पर आभार जताया। साथ ही प्रत्येक रक्तदाता को प्रेस क्लब व ब्लड सेंटर का आभार पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिविर के समापन अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा, डॉ. राजेश लहरे, आईसीटीसी काउंसलर वीणा मिस्त्री, लैब टेक्निशियन संतोष सिंह, लैब टेक्निशियन उमा कर्ष, ब्लड बैंक काउंसलर गायत्री सिंह, स्वच्छक सुरज सिदार को आभार पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में ब्लड बैंक की टीम के साथ अहम सहयोग छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के रोहित कश्यप व अविनाश दुबे ने निभाया। उक्त पुनित कार्य के लिए उन्हें भी प्रेस क्लब की ओर से आभार पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया गया।

शिविर के दौरान कोरबा प्रेस क्लब प्रबंध कार्यकारिणी समेत पूर्व सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार विजय खेत्रपाल, श्रवण साहू, अनुप पासवान, विक्की निर्मलकर, अजय अग्रवाल, अजय डहरिया समेत प्रेस क्लब के अन्य सदस्य व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**रक्तदान करने वाले पत्रकार व उनके परिजन**

नीलम पडवार, रामप्रसाद पासवान, गुलशन बैरागी, नरेंद्र कुमार रात्रे, दिनेश राज, संतोष अग्रवाल, अब्दुल असलम, श्रीमती शशी अग्रवाल, तनुज अग्रवाल, शुभम पासवान, सौरभ पासवान, राजेश कुमार प्रजापति, शैलेष भावनानी, राजेश प्रजापति, राजा मुखर्जी, अविनाश प्रसाद, विकास पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता के लिए प्रशासन इलेवन और प्रेस क्लब इलेवन के बीच हुआ सद्भावना मैच

# प्रेस क्लब की टीम हुई विजयी





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं कोरबा प्रेस क्लब के मध्य स्वीप क्रिकेट सद्भावना मैच का आयोजन प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन टीम के कप्तान सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में खेले गए रोमांचक मैच में प्रेस क्लब की टीम विजयी हुई।

मैच समाप्ति के पश्चात कलेक्टर द्वारा विजेता टीम प्रेस क्लब के कप्तान नौशाद खान एवं उपविजेता टीम के कप्तान संबित मिश्रा को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रशासन की टीम के खिलाड़ी देव, बेस्ट फील्डर का खिताब डीएफओ पी अरविंद, बेस्ट बॉलर रोहित एवं बेस्ट बेस्टमैन का पुरस्कार प्रेस क्लब टीम के उप कप्तान मनोज यादव को दिया गया। इसी तरह साथ ही विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों, सदस्यों व दर्शकों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान कोरबा प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, सचिव दिनेश राज उपस्थित रहे।

**प्रेस क्लब की टीम में शामिल रहे ये खिलाड़ी**

कप्तान नौशाद खान, उप कप्तान मनोज यादव, दुर्गेश श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, विजय दुबे, राजकुमार शाह, दीपक गुप्ता, संजय देवांगन, पवन तिवारी, अंकित सिंह, अविनाश कर्ष, जितेंद्र हथठेल, अविनाश प्रसाद, जीवन लाल।

# ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई स्वीप की गतिविधियां



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत पाली के सीईओ भूपेन्द्र सोनवानी ने ग्राम खैराडूबान के ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्हें अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने ग्राम पंचायत अमलडीहा में आमजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत भुलसीडीह, कोलगा, कोरकोमा में ग्रामीणों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए रंगोली बनाई गई तथा शपथ ली गई। इसके साथ ही ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा स्वीप गतिविधि के संबंध में पोस्टर प्रदर्शित करते हुए गांव में रैली निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया।

जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ श्री यशपाल सिंह ने ग्राम पंचायत बिरदा में ग्रामीणों को 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। सीईओ ने कहा कि मतदान करना हम सब का कर्तव्य है, सभी इसका निर्वहन करें। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाई तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए गांव में रैली निकालकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया।

# प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन हुआ संपन्न

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के चारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 07 मई को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर नियुक्त मतदान अधिकारियों का तृतीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया।



कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा, 23 पाली तानाखार व 24 मरवाही हेतु निर्वाचन कार्य पूर्ण कराने के लिए नियुक्त मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर का भी रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, डीआईओ हेमंत जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान से एक दिन पहले और मतदान दिवस के विज्ञापन का प्रमाणन जरूरी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया और उनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समिति की बैठक में प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया ईकाई द्वारा प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सत्त निगरानी रखने के साथ अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और विजुअल संग्रहित करने तथा घोषित उम्मीदवारों और राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रकाशित एक जैसे समाचारों को चिन्हित कर पेडन्यूज के रूप में रखने और संबंधित को नोटिस जारी करने के संबंध में चर्चा की गई।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया निगरानी (एमसीएमसी )से अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये। कोरबा जिले में 07 मई को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 06 व 07 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला व राज्य स्तर पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है, निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है, राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन किया जाता है। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, समिति के सदस्य निलेश कुजूर, हेमंत जायसवाल, डॉ. राजेश सक्सेना, नोडल अधिकारी कमलज्योति, विनोद सिंह, डॉ. एम. महतो उपस्थित थे।


सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...
एलआईसी का
जीवन
उत्सव
उत्सव
मनाने का
गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं
और क्यों जाना...
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955

# बालको ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वीप के अंतर्गत अंबेडकर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत, कोरबा एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा, कोरबा की नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई शामिल थी। कार्यक्रम की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के वक्तव्य भाषण से हुई। मतदाता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया।

कार्यक्रम में बालको कर्मचारियों एवं समुदाय के लगभग 600 लोगों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने चुनावी तैयारियों में मतदाताओं के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न पहल की शुरुआत की है- संयंत्र के अंदर विभिन्न जगहों पर विडियो स्क्रीनिंग, परसाभाटा गेट पर कर्मचारियों के लिए ऑडियो एनाउंसमेंट, दैनिक पत्रिका बालको टुडे के द्वारा जागरूकता संदेश और समुदाय में बैनर, फ्लैक्स तथा चलित वाहन के माध्यम से ऑडियो एनाउंसमेंट जैसे पहल शुरू की गई है।



## 07 मई को वोट डालने सभी अवश्य जाएं-संबित मिश्रा



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा ने कहा कि वोट डालने का अधिकार हमें संविधान से मिला है। लोकतंत्र के इस पर्व में आप सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। मताधिकार के लिए अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई के दिन आप सभी घरों से निकल कर अपने पास के मतदान केंद्र में जाकर अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने स्वीप के माध्यम से किए जा रहे कार्यक्रम के विषय में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आप सभी को जागरूक करने के साथ यह भी बताना है कि आप भी अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।



## मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूती दें-निगम आयुक्त



नगर पालिक निगम कोरबा आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालको ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आप अपना मतदान जरूर करें और अपने आसपास के मतदाताओं को भी वोट का महत्व बताते हुए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने आम मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई।

## उत्साह से मनाएं लोकतंत्र के पर्व को-राजेश कुमार

बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि देश की प्रगति में सभी नागरिकों का योगदान जरूरी है। लोकतंत्र के इस चुनावी महापर्व को हमें उत्साह पूर्वक मनाना है। देश की प्रगति के लिए शत-प्रतिशत मतदान बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कंपनी मताधिकार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। विश्व मजदूर दिवस पर उन्होंने बालको के श्रमवीरों से आह्वान किया कि जिस तरह आप सभी ने कंपनी को आगे बढ़ाया है एकजुट होकर चुनाव में मतदान कर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करें।

## मतदान दिवस 07 मई को सामान्य अवकाश घोषित

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-04 कोरबा के लिए होने वाले मतदान तिथि 07 मई मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कोरबा जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 07 मई को मतदान दिवस होने के कारण सामान्य अवकाश रहेगा।

## मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 05 मई शाम पांच बजे से सभी प्रकार के राजनैतिक प्रचार थम जायेंगे। मतदान दिवस 07 मई तक संपूर्ण दिवस शुष्क दिवस घोषित किये गये हैं। इस अवधि में कोरबा जिले में संचालित सभी देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा दुकानें तथा एफ.एल-3 होटल बार, और एफ.एल-3 क अनुज्ञप्ति पूर्णत: बंद रहेंगे। इस संबंध में जिले के सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

## कलेक्टर ने वार्ड 15 के निवासियों को दिया मतदान का न्यौता



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा कोरबा शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 15 के निवासियों को लोकसभा चुनाव के लिए 07 मई को होने वाले मतदान का न्यौता देकर सभी को अनिवार्य मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, इसे नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वहन करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस हेतु आप सभी मतदान कर अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान से हम अपने साथ साथ अपने क्षेत्र के विकास का भविष्य तय करते है। आपका वोट बहुमूल्य है इसका उपयोग निष्पक्ष मतदान कर योग्य उम्मीदवार के चयन में कीजिए। साथ ही कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित नही रहे इसलिए अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित किया एवं उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर सहित खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित थे।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी।

# प्रियंका बोलीं- मोदी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लाए,चिरमिरी में कहा- अब कोविड सर्टिफिकेट से पीएम की फोटो गायब हो गई

**कोरबा/ चिरमिरी ( एजेंसी ) ।**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी। उन्होंने गुजरात में पुल गिरने की घटना का उदाहरण भी दिया।

प्रियंका गुरुवार को कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कोविड वैक्सीन कोवीशील्ड को लेकर आई रिपोर्ट का भी जिक्र किया। कहा कि, टीका लगवाकर कुछ लोग मर गए, कुछ बीमार हो गए। पहले सर्टिफिकेट मिलता था, तो उसमें मोदी जी की फोटो होती थी, लेकिन अब लगवाओगे तो नहीं मिलेगी।

**प्रियंका के भाषण की खास बातें...**

मोदी की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय हुआ, खरबपतियों और उद्योगपतियों के साथ नहीं हुआ।

बड़े-बड़े भ्रष्ट नेताओं को अपने पार्टी में डाल रखा है। जो दूसरी पार्टियों के नेता थे। पहले उन पर दबाव डाला, जांच शुरू की। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह दूध के धुले हो गए।

**मोदी ने देश की संपत्ति को अपने मित्रों को सौंप दिया।**

भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात की। उन्होंने इसके लिए काम किया, लेकिन कुछ पार्टियों और भाजपा को ये पसंद नहीं आया।

आज जो देश में राजनीति है, वो किसानों, श्रमिकों, गरीबों के विरोधी राजनीति चल रही है।



आपकी कई बातें हैं, आपकी दिक्कतें हैं, लेकिन उनकी बातें नहीं हो रही हैं। आपके मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, जी-20 की बातें होती हैं, लेकिन आपके संघर्षों की बातें नहीं होती हैं।

महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, महिलाएं जलाई जा रही हैं, उनका शोषण हो रहा है, जो कर रहा है, सरकार उसे बचाने में लगी है।

जो पहले जवाबदेही होती थी, इंदिरा जी, राजीव जी अपने संसदीय क्षेत्र में जाते थे, तो लोग डांट देते थे। कहते थे बैठो चाय पिओ, लेकिन वोट तभी मिलेगा जब सड़क बनेगी। प्रधानमंत्री को भी डांट देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।



**प्रियंका का यह दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा था**

प्रियंका का यह दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा था। इससे पहले दूसरे चरण के प्रचार के लिए उन्होंने राजनांदगांव और कांकेर में चुनाव प्रचार किया था। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से केवल 2 बस्तर और कोरबा ही कांग्रेस के पास है, बाकी 9 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की थी। बीजेपी से इस बार पार्टी की कद्दावर नेत्री सरोज पांडेय को मैदान में है। वहीं कांग्रेस ने फिर से सांसद ज्योत्सना महंत पर ही भरोसा जताया है। ऐसे में यह सीट बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## गुफ्तगू करते रहे प्रशांत मिश्रा



मंच पर दीपक बैज भाषण दे रहे थे तो प्रियंका गांधी के बगल में बैठे प्रदेश महासचिव प्रशांत मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव एवं कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी से गुफ्तगू करते दिखे।

## सचिन, दीपक, चरण, भूपेश, जयसिंह ने की अगुवानी

कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चिरमिरी के डोमनहील फुटबाल ग्राउंड में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की न्याय जनसभा में रेलमपेल भीड़ से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत काफी गदगद दिखाई दे रही थीं। प्रियंका के आगमन पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने उनकी अगुवानी की और हेलीपेड पर स्वागत किया और मंच पर लाए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रशांत मिश्रा ने भी उनका स्वागत किया।

## जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं-अजीत वसंत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने प्रजातंत्र की मजबूती के लिये मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निष्पक्ष होकर और प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व को समझना होगा। मतदाता जागरूक होकर एवं मतदान में हिस्सा लेंगे तो एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने क्षेत्र का बेहतर विकास भी करा सकते हैं।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले जिले के मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले में स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अनेक जानकारी मिलने की बात कहते हुए कहा कि स्वीप की टीम का योगदान निर्वाचन के दौरान महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए वे जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करें। कलेक्टर ने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि मतदान करके हम अपनी पसंद का उम्मीदवार, जनप्रतिनिधि के रूप में चुन सकते हैं। जहां के मतदाता जागरूक होंगे वहां के जनप्रतिनिधि भी विकास कार्यों में रूचि लेंगे। विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं, नीति में जनप्रतिनिधियों का योगदान होता है। इसलिए जागरूक मतदाता बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष होकर अच्छे जनप्रतिनिधि चुनेंगे तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि अधिकारियों के माध्यम से विकास से जुड़ी योजनाओं को और भी प्रभावी बनाकर अपने क्षेत्र का विकास करा सकता है। उन्होंने कहा कि जहां मतदान का प्रतिशत अधिक होता है उस क्षेत्र में विकास तेजी से होता है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों की जागरूकता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को चाहिए कि वे इस लोकसभा चुनाव में अपना कीमती वोट अवश्य डालें और अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन करें।

## ज्योत्सना महंत के रोड-शो व विशाल बाइक रैली में श्रमिक यूनियनों ने दिखाई एकजुटता

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

दीपका-गेवरा में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का रोड शो विशाल बाइक रैली के साथ आयोजित हुआ। रैली में शामिल तमाम लोग काफी उत्साहित नजर आये। जय कांग्रेस - जय चरण के नारों के बीच ज्योत्सना भाभी जिंदाबाद की गूंज से पूरा क्षेत्र गूंजने लगा।

इस रोड शो की विशेषता यह रही कि श्रमिक यूनियन इंटक,सीटू, एटक के अलावा अन्य यूनियन के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला कि कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में खुलकर सामने आकर आमजनो से वोट देने की अपील की गई।

रोड-शो में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत खुली जीप में सवार थीं और क्षेत्रवासियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर,कांग्रेस नेता हरीश परसाई,धरम निर्मले,तनवीर अहमद,दिलीप सिंह ,एल.पी.अघरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष एटक गेवरा क्षेत्र,दीपक उपाध्याय क्षेत्रीय महामंत्री एटक गेवरा क्षेत्र,अजय प्रताप सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष सीटू गेवरा क्षेत्र,जनाराम कर्ष क्षेत्रीय सचिव सीटू गेवरा क्षेत्र, गोपाल यादव क्षेत्रीय अध्यक्ष इंटक





गेवरा क्षेत्र,देमंत मिश्रा क्षेत्रीय सचिव गेवरा क्षेत्र व श्रमिक नेता अनुरुद्ध सिंह,सतीश सिंह,रसूल मोहम्मद, विनोद यादव,कृपाल सींग,भानु सिंग,चंद्रकांत सिन्हा, एस सामन्तों, मकसूद अंसारी के अलावा अन्य यूनियन के नेता उपस्थित थे।